# समाचार गेट

City24News
शहर आपका, खबर आपकी
Digital Media Platform

News app | Online E-Paper | News Portal | Youtube | Facebook | Instagram | Twitter | Tumbler | Reddit

वर्ष 1, अंक 01 पेज 8 मंगलवार 20 फरवरी, 2024 TITLE CODE : HARHIN11569


# जिला पंचकूला के गांव खड़क मंगोली, राजीव व इंदिरा कॉलोनी में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले गरीब लोगों के पुर्नवास के लिए जल्द तैयार की जाएगी योजना : मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री ने गांव खड़क मंगोली में लोगों के पुर्नवास के लिए चिनहित की गई भूमि का किया निरीक्षण**

**7500 झुग्गियों में रहने वाले लोगों को मिलेगा योजना का लाभ**

**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि जिला पंचकूला के गांव खड़क मंगोली और राजीव व इंदिरा कॉलोनी में झुग्गी-झोपडियों में रह रहे गरीब लोगों के पुर्नवास के लिए जल्द ही एक व्यापक योजना तैयार की जाएगी। इसके लिए लगभग 7500 झुग्गियों को चिन्हित किया गया है, जिन्हें इस योजना का लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री आज जिला पंचकूला में गांव खड़क मंगोली में लोगों के पुर्नवास के लिए चिनहित की गई भूमि का निरीक्षण करने उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता भी उपस्थित थे।

मनोहर लाल ने कहा कि पंचकूला के गांव खड़क मंगोली, राजीव व इंदिरा कॉलोनी में लोग वर्षो से अवैध झुग्गियां बनाकर रह रहे है। अवैध अतिक्रमण को हटाने और लोगों का पुर्नवास करने के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा गांव खड़क मंगोली में 59.12 एकड भूमि चिन्हित की



गई है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग व राजस्व विभाग के साथ जल्द ही एक बैठक कर उक्त भूमि के संबंध में सभी पहलुओं पर विचार विमर्श करने उपरांत एक योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खड़क मंगोली, राजीव व इंदिरा कॉलोनी की झुग्गियों में रह रहे लोगों के पुर्नवास की योजना तैयार करने के लिए आज ही उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता के साथ चंडीगढ के धनास और मलोया क्षेत्र का दौरा कर, वहां रह रहे लोगों के साथ-साथ प्रशासन के अधिकारियों के साथ भी बातचीत की है। उन्होंने कहा कि योजना तैयार करने से पूर्व सभी हितधारको से बातचीत कर विभिन्न मॉडलों पर चर्चा की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर सरकार द्वारा लाभार्थियों को बैंक से लोन भी मुहैया करवाया जाएगा।

मनोहर लाल ने कहा कि घग्गर नदी के साथ लगते क्षेत्र में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की कुछ जमीन है, जो नीचाई में होने के कारण उपयोगी नहीं है। उन्होंने एचएसवीपी को निर्देश दिए हैं कि घग्गर नदी में पानी के सुरक्षित बहाव को देखते हुए इस जमीन के उपयोग की एक योजना तैयार की जाए ताकि क्षेत्र का समनवित विकास हो सके।

गुरुग्राम, फरीदाबाद और अन्य बड़े शहारों को स्लममुक्त बनाने के लिए सरकार की कार्य योजना के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में श्री मनोहर लाल ने कहा कि भूमि की उपलब्धता और अतिक्रमण के आधार पर प्रत्येक शहर की अलग-अलग योजना तैयार की जाएगी।

**अंत्योदय और लोकहित का होगा हरियाणा बजट**

आगामी 20 फरवरी को शुरू हो रहे बजट सत्र के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के बजट में अंत्योदय और लोकहित की झलक साफ दिखाई देगी। किसानों द्वारा एमएसपी की मांग के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि आपसी सहमति से किसी भी समस्या का हल निकाला जा सकता है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री मनोहर लाल ने कहा कि लोकसभा चुनावों में बीजेपी 370 पार और एनडीए 400 पार के लक्ष्य को पूरा करेगी। हरियाणा में बीजेपी 10 की 10 सीटों पर प्रचम लहरायेगी। इस अवसर पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक श्री टीएल सत्यप्रकाश, उपायुक्त श्री सुशील सारवान, पुलिस उपायुक्त श्री सुमेर प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री सचिन गुप्ता, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण पंचकूला की प्रशासक श्रीमती वर्षा खंगवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# हरियाणा में राजस्थान और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्रियों के कार्यक्रम तय 25 को भजनलाल और 28 को मोहन यादव करेंगे कार्यकर्ता सम्मेलन

**25 फरवरी को राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा रोहतक, सिरसा और हिसार लोकसभा कलस्टर के कार्यक्रमों में होंगे शामिल**

**28 फरवरी को गुरुग्राम, फरीदाबाद और भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा कलस्टर की बैठकों में मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव रहेंगे उपस्थित**

**गुरुग्राम में हुई कलस्टर बैठक में जिम्मेदारियां तय की गई**

**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने कमर कस ली है। हरियाणा में राजस्थान और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों के कार्यक्रम तय हो गए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल 25 फरवरी और मुख्यमंत्री मोहन यादव 28 फरवरी को हरियाणा प्रवास पर रहेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन ने देश भर की लोकसभाओं को 146 कलस्टरों में बांटा है।

हरियाणा को भी तीन कलस्टरों में बांटा गया है। सभी कलस्टरों के प्रभारी, संयोजक और सह संयोजक भी नियुक्त कर दिए गए हैं।

25 फरवरी को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हिसार, सिरसा और रोहतक लोकसभा कलस्टर के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल 25 फरवरी को 10 बजे सिरसा में कलस्टर कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में शामिल होकर कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। वहीं दो बजे राजस्थान के मुख्यमंत्री फतेहाबाद में बूथ प्रबंधन की बैठक को संबोधित करेंगे।

इसी दिन मुख्यमंत्री भजनलाल फतेहाबाद में तीनों लोकसभा के चुनाव प्रबंधन कमेटी की बैठक लेंगे जिसमें विधानसभा के प्रभारी और संयोजक शामिल होंगे। रोहतक में पांच बजे बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें सीएम भजन लाल शर्मा बुद्धिजीवियों से चर्चा करेंगे। 28 फरवरी को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भिवानी-महेंद्रगढ़, गुरुग्राम और फरीदाबाद लोकसभा के संगठनात्मक कार्यक्रमों में शामिल होने आ रहे हैं। सुबह 10 बजे महेंद्रगढ़ में कलस्टर कार्यकर्ताओं का सम्मेलन होगा जिसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव



शामिल होकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। वहीं दो बजे गुरुग्राम लोकसभा की चुनाव संचालन और चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक नूंह में होगी। इसके बाद फरीदाबाद में प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन होगा। तीनों कार्यक्रम 28 फरवरी को ही होंगे और इन तीनों कार्यक्रमों में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव उपस्थित रहेंगे।

हरियाणा भाजपा 10 लोकसभाओं में कमल खिलाने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। सोमवार को गुरुग्राम के गुरुकमल कार्यालय में कलस्टर इंचार्ज मनीष ग्रोवर की अध्यक्षता में कस्टर की बैठक हुई, जिसमें पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की गई। बैठक में मनीष ग्रोवर ने बताया कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। साथ ही नए जोश और उमंग के साथ फील्ड में उतरने और मोदी-मनोहर सरकार की उपलब्ध्यिों को जन-जन तक पहुंचाने तथा जनसंपर्क अभियान तेज करने के लिए उत्साहित भी करेंगे। गुरुग्राम में हुई इस बैठक में लोकसभा प्रभारी अजय गौड़, गुरुग्राम लोकसभा संयोजक मनीष मित्तल, मंत्री डा. बनवारी लाल, फरीदाबाद लोकसभा संयोजक विधायक दीपक मंगला, महेंद्रगढ़ भिवानी लोकसभा लोकसभा प्रभारी शंकर धूप्पड़, लोकसभा संयोजक विधायक लक्ष्मण यादव, गुरुग्राम जिला अध्यक्ष कमल यादव सहित जिला अध्यक्ष, तीनों लोकसभाओं के चुनाव प्रबंधन के पदाधिकारी उपस्थित रहे

मनीष ग्रोवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में हुए दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में भाजपा को 370 और एनडीए को 400 पार कराने का टारगेट दिया है उसे पूरा करने के लिए भाजपा कार्यकर्ता मजबूती चुनावी समर में उतरेंगे। हरियाणा की जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास है। वहीं मनोहर सरकार की उपलबधियों और योजनाओं से हरियाणा के लोग संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता ने 10 के 10 कमल खिलाना तय कर लिया है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मनीष ग्रोवर ने कहा कि कांग्रेस के नेता गुटबाजी से अभी बाहर नहीं आ पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सदैव बंटवारे की राजनीति की है, लोगों को धर्म, जाति व वर्ग के हिसाब से विभाजित करना कांग्रेस का चरित्र रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए सत्ता सेवा का माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल सत्ता के माध्यम से लगातार जनता की सेवा कर रहे हैं।

मनीष ग्रोवर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में जबरदस्त तरक्की हुई है। प्रधानमंत्री मोदी के हाथों में देश सुरक्षित है। मोदी के नेतृत्व का ही कमाल है कि दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। भारत सबसे बड़ी तीसरी आर्थिक ताकत मोदी के नेतृत्व में बना है। मोदी के वादों पर जनता भरोसा करती है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार हो रहा है कि सरकार गरीब के घर द्वार पर जाकर सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनेगी। केंद्र में मोदी और हरियाणा में मनोहर लाल को सत्ता सौंपने का मन देश और प्रदेश की जनता ने बना लिया है।

# जवाबदेही से बच रही है सरकार, इसलिए बजट सत्र की अवधि रखी कम- हुड्डा

**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस ने बजट सत्र के दौरान बीजेपी-जेजेपी सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए कमर कस ली है। सत्र शुरू होने से एक दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अध्यक्षता में कांग्रेस विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। बैठक में अविश्वास प्रस्ताव, राज्यपाल के अभिभाषण व बजट प्रस्ताव समेत विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस मौके पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी सरकार जनता का विश्वास पूरी तरह खो चुकी है। क्योंकि ये सरकार युवाओं को रोजगार, किसानों को एमएसपी, बच्चों को अच्छी शिक्षा, महिलाओं को सुरक्षा और हरियाणा को विकास की सौगात देने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है।

इसीलिए हर वर्ग का विश्वास इस सरकार से उठ चुका है। हुड्डा ने कहा कि सरकार विपक्ष के द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब नहीं देना चाहती। इसलिए बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में मांग करने के बावजूद उसने सत्र के अवधि को बढ़ाने से इनकार कर दिया।

सीईटी भर्ती में सामने आई ताजा धांधली पर प्रतिक्रिया देते हुए हुड्डा



ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी से इसके अलावा कोई और उम्मीद की भी नहीं जा सकती। अब तक पेपर लीक, कैश फॉर जॉब, ओएमआर सीट छेड़छाड़ और दस्तावेजों की हेरा-फेरी समेत इस सरकार के दौरान अनगिनत घोटाले सामने आ चुके हैं। अब सीईटी ग्रुप-1, 2 और 49बी में अजब ही खेल खेला गया है। सिविल इंजीनियरिंग वालों को इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग का रोल नंबर पकड़ा दिया गया और इलेक्ट्रिकल वालों को सिविल का। इतना ही नहीं मेरिट से ज्यादा अंक लेने वाले बहुत सारे अभ्यार्थियों का रोल नंबर ही जारी नहीं किया गया। एडमिट कार्ड पर अलग डिटेल दी गई है और ओएमआर शीट पर अलग। भर्तियों से संबंधित ऐसे घोटालों के मुद्दे को कांग्रेस बजट सत्र के दौरान उठेगी।

इसके अलावा सत्र के दौरान पार्टी की तरफ से किसानों के मुद्दे, आयुष्मान, सहकारिता, खनन और एफपीओ समेत विभिन्न घोटालों के मुद्दे को उठाया जाएगा। साथ ही प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी, कौशल रोजगार निगम की गड़बड़ियों, हरियाणा की भर्तियों में बाहरियों को प्राथमिकता देने, युवाओं को युद्ध क्षेत्र इजराल में भेजने, भर्ती घोटालों और अग्निपथ योजना जैसे मुद्दों पर भी सरकार से जवाब मांगा जाएगा।


बढ़ते नशे, एससी-बीसी बच्चों का वजीफा बंद होने, एससी वर्ग की योजनाओं, शिक्षा के गिरते स्तर, किसानों की सथिति, मौसम की मार, बाढ़ के मुआवजे, परिवार पहचान पत्र की गड़बड़ियों, सड़कों की खस्ता हालत और अल्पसंख्यकों के मुद्दों को भी प्रमुखता के साथ उठाया जाएगा। अलग-अलग मुद्दों को लेकर विधायकों की जिम्मेदारी निर्धारित कर दी गई है। विधायकों की तरफ से सदन में स्थगन व ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिए गए हैं।

विभिन्न संगठनों, समाजिक संस्थाओं, कर्मचारियों, किसानों, बेरोजगार युवाओं समेत विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने भी नेता प्रतिपक्ष को अपने-अपने मुद्दों से संबंधित ज्ञापन सौंपे है। उनके मुद्दों को भी सदन में प्रमुखता के साथ उठाया जाएगा।

# कांग्रेस के मुकाबले एक बार भी एमएसपी नहीं बढ़ा पाई भाजपा : कुमारी सैलजा

**न वाजपेयी सरकार ने किसानों की सुध ली, न मोदी सरकार ने**

**कांग्रेस सरकार ने हर बार एमएसपी बढ़ाया, खेती की लागत नहीं**



**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र में बनी भारतीय जनता पार्टी की सरकारें कांग्रेस के मुकाबले एक बार भी फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी नहीं कर सकी। किसानों की सुध तो न वाजपेयी सरकार ने ली और न ही 10 साल से सत्ता पर काबिज मोदी सरकार ने। डॉ मनमोहन सिंह की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने हर साल फसलों का एमएसपी बढ़ाकर किसान हितैषी होने का सबूत पेश किया। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि साल 1999 से 2004 तक देश में भाजपा की अगुवाई वाली सरकार थी। उक्त सरकार ने अपने कार्यकाल में धान के दामों में 14 प्रतिशत बढ़ोतरी की, जो सालाना 2.3 प्रतिशत ही रही। लेकिन, कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार के दौरान धान के एमएसपी में कुल 143 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई, जो सालाना 14.3 प्रतिशत दर्ज की गई। साल 2014 के बाद से अब तक भाजपा की मोदी सरकार ने धान के दाम में सिर्फ 54.1 प्रतिशत बढ़ोतरी की है, यानी सालाना बढ़ोतरी 6 प्रतिशत ही रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि साल 1999 से 2004 के दौरान भाजपा गठबंधन की सरकार ने गेहूं के एमएसपी में कुल 10.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की, जो 1.7 प्रतिशत सालाना दर्ज की गई। इसके बाद कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने इसमें 12 गुणा ज्यादा यानि 126 प्रतिशत की बढ़ोतरी की, जो सालाना 12.7 प्रतिशत आंकी गई। जबकि, मोदी सरकार ने 10 साल में कांग्रेस के 126 प्रतिशत के मुकाबले सिर्फ 39.3 प्रतिशत ही बढ़ोतरी की। कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने सिर्फ धान व गेहूं ही नहीं, प्रत्येक फसल के दामों में ढाई से तीन गुणा (150-200 प्रतिशत) की बढ़ोतरी की लेकिन, मोदी सरकार में मुश्किल से 50 प्रतिशत का ही इजाफा हुआ है। जबकि, इस दौरान खेती की लागत में कई गुणा बढ़ोतरी हो चुकी है। खेती और खेती से जुड़े सामान, उपकरणों पर टैक्स थोप दिए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने खेती पर कभी कोई टैक्स नहीं लगाया। इसके विपरित मोदी सरकार ने खाद के कट्टे का वजन 50 किलोग्राम से घटाकर 40 किलोग्राम कर दिया। इसमें नाइट्रोजन की मात्रा को घटा दिया। इससे किसानों को और अधिक खाद का प्रयोग करना पड़ेगा, जिससे उनका खर्चा बढ़ेगा। किसान को दी जाने वाली बिजली महंगी कर दी, क्रूड सस्ता होने के बावजूद डीजल के दाम न घटाने से फसल की लागत बढ़ी है। इससे पता चलता है कि भाजपा सरकार ने सदैव किसानों की जेब काटने का षड्यंत्र ही रचा है।

# बीजेपी-जेजेपी ने एससी, ओबीसी, गरीब और किसान वर्ग का किया है सबसे ज्यादा नुकसान : हुड्डा

**कौशल निगम व निजीकरण के जरिए नौकरियों में आरक्षण को खत्म कर रही सरकार- हुड्डा**

**सरकारी स्कूलों और वजीफा योजना को बंद करके एससी-ओबीसी बच्चों को शिक्षा से वंचित कर रही सरकार- हुड्डा**

**जगजाहिर हो चुके हैं बीजेपी-जेजेपी के एससी-ओबीसी विरोधी मंसूबे- उदयभान**

**आरक्षण और संविधान है सरकार के निशाने पर, कांग्रेस लड़ेगी इसे बचाने की लड़ाई- उदयभान**

**सिटी 24 न्यूज**

**चंडीगढ़।** बीजेपी-जेजेपी ने सबसे ज्यादा नुकसान एससी, ओबीसी, गरीब और किसान वर्ग का किया है। कौशल निगम व निजीकरण के जरिए सरकार नौकरियों में आरक्षण को खत्म करना चाहती है। सरकारी स्कूलों व बच्चों के वजीफा की योजना को बंद करके सरकार एससी-ओबीसी व गरीब वर्ग के बच्चों को शिक्षा से वंचित रखना चाहती है। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा हरियाणा कांग्रेस एससी सेल के नए अध्यक्ष मनोज बागड़ी के पदग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। चंडीगढ़ सथित पार्टी कार्यालय में हुए कार्यक्रम के मौके पर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान भी विशेष तौर पर मौजूद रहे।

दोनों नेताओं ने मनोज बागड़ी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और उम्मीद जताई कि बागड़ी एससी और पिछड़े समाज के मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाएंगे। मनोज बागड़ी ने नई जिम्मेदारी के लिए भूपेंद्र सिंह हुड्डा, चौधरी उदयभान, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा और कांग्रेस हाईकमान का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस और




एससी-ओबीसी समाज एक दूसरे के पूरक हैं। जब भी ये समाज कांग्रेस से दूर हुआ है तो पार्टी को सत्ता से बाहर जाना पड़ा। और जब भी कांग्रेस सत्ता से बाहर हुई, तभी एससी और ओबीसी समाज को अत्याचारों का सामना करना पड़ा। मौजूदा बीजेपी-जेजेपी सरकार के कार्यकाल में भी यही हो रहा है। दलितों के विरुद्ध अपराधों में दोगुना बढ़ोतरी हुई है। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए आरक्षण को खत्म किया जा रहा है व समाज को हाशिए पर धकेलने की कोशिश हो रही है।

कांग्रेस कार्यकाल के दौरान एससी-ओबीसी और गरीब वर्ग को 100-100 गज के मुफ्त प्लाट आवंटन, मुफ्त पानी कलेक्शन, मुफ्त टंकी, मुफ्त शिक्षा, राशन आवंटन (अनाज, दाल, तेल, चीनी, नमक) जैसी योजनाएं चलाईं गई। गरीब बच्चों को पहली क्लास से देश में सबसे ज्यादा वजीफा व एससी और ओबीसी कमिशन की कर्जमाफी जैसी ऐतिहासिक फैसले लिए गए। लेकिन बीजेपी ने सत्ता में आने के बाद इन कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया। चौधरी उदयभान ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान एससी-ओबीसी की रिकॉर्ड भर्तियां हुईं और बैकलॉग को भरकर समाज के युवाओं को पक्की नौकरियां दी गईं। राजनीतिक भागीदारी व उच्च पदों पर नियुक्तियों में समाज का विशेष ध्यान रखा गया। कांग्रेस सरकार ने एक कलम से 11,000 ग्रामीण और 14000 शहरी सफाईकर्मी लगाए। लेकिन बीजेपी-जेजेपी सरकार ने आज तक उनको पक्का नहीं किया।

सभी को याद है कि कांग्रेस सरकार के दौरान ही एससी कमिशन बनाया गया, जिसे बीजेपी सरकार ने भंग कर दिया था। हजारों सरकारी स्कूलों पर ताले लगाना, कॉलेज, यूनिवर्सिटी और एमबीबीएस समेत विभिन्न कोर्सिज की फीस में कई गुना बढ़ोतरी करके मौजूदा सरकार ने अपने मंसूबे जगजाहिर कर दिए हैं। सरकार हमारे समाज के बच्चों को स्कूली व उच्च शिक्षा से वंचित करना चाहती है। यह सरकार के निशाने पर हमारा आरक्षण ही नहीं बल्कि देश का संविधान भी है। इसे बचाने की लड़ाई कांग्रेस को लड़नी पड़ेगी।

इस मौके पर चौधरी उदयभान ने कहा कि 25 तारीख को कांग्रेस झज्जर में बड़े स्तर पर गुरु रविदास जी की जयंती मनाएगी। इसके लिए तमाम कांग्रेसजन तैयारी में जुट जाएं और घर-घर जाकर लोगों को इसका निमंत्रण दें।

# सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र द्वारा शास्त्रीय संगीत की प्रतियोगिता आयोजित




**सिटी 24 न्यूज**

फरीदाबाद। सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र द्वारा उभरते आर्टिस्ट नामक शास्त्रीय संगीत की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने शास्त्रीय संगीत में राग गायन,नृत्य तथा विभिन्न वाद्ययंत्रों की एकल प्रस्तुति दी।जिसमें अनेक छोटे तथा युवा वर्ग के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती अनुपमा तलवार चेयरपर्सन सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कमलेश शास्त्री बाल विकास अधिकारी फरीदाबाद, विनय खंडेलवाल रैड क्रास सोसाइटी, अरून कुमार शर्मा प्रधानाचार्य सतयुग दर्शन विद्यालय, श्री एस एन गोगिया जी मैनेजर तथा श्री दीपेंद्र कांत प्रधानाचार्य सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों में कड़ी प्रतिस्पर्धा रही जिसमें गायन की जूनियर से मनोनीत, काश्वी ने तथा सीनियर से हर्ष वर्धन, खुश्बू ने वहीं वाद्य वादन से अतेन्द्र, मनोनीत, विकास, विवेक ने तथा एकल डांस से हिमान्या कुमारी ने बाजी मरी। सभी प्रतिभागियों ने बहुत ही सुंदर प्रदर्शन किया। सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र की चेयरपर्सन श्रीमती अनुपमा तलवार, जो खुद गायन और नृत्य प्रतिपादक हैं, ने अपने भाषण में उल्लेख किया कि सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र के पंख दिल्ली, फरीदाबाद, पानीपत, अबाला, जालंधर, लुधियाना, रोहतक जैसे विभिन्न शहरों में फैले हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कला केंद्र प्रयाग संगीत समिति, प्रयागराज से संबद्ध है जो 1926 से हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की शिक्षा दे रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र बिना किसी भेदभाव के गायन, वाद्य और नृत्य तीनों विधाओं में शिक्षा प्रदान करता है। उन्होंने प्रतिभागियों को यह कहकर प्रेरित किया कि संगीत केवल एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि यह एकता, सद्भाव और हम में से प्रत्येक के भीतर पनपने वाली असीमित रचनात्मकता का उत्सव है। कार्यक्रम के मध्य में कमलेश शास्त्री जी ने अपने वक्तव्य से सभी प्रतिभागियों में एक नई ऊर्जा भर दी, सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र के प्रधानाचार्य दीपेंद्र कांत ने संगीत का जीवन में मूल्य पर चर्चा करते हुए बताया सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय छन्दोबद्ध है, जिसका विधिवत गायन संभव है। आधुनिक भारत का इतिहास वेदों से पूर्व प्राय: अंधकारमय है।

कार्यक्रम में मंच संचालन केशव शुक्ला ने तथा बच्चों का मार्ग दर्शन संजय बिडलान तथा कुमुद सिंह ने किया। अंत में सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं प्रतिभागियों, मीडिया कर्मियों आदि का धन्यवाद के साथ समापन हुआ।

# हॉफ मैराथॉन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करें : डीसी विक्रम सिंह

## हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल होंगे फरीदाबाद हॉफ मैराथॉन के चीफ गेस्ट, विजेता प्रतिभागियों को करेंगे सम्मानित



**सिटी 24 न्यूज**

फरीदाबाद। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि फरीदाबाद में आगामी तीन मार्च को फरीदाबाद मैराथॉन नाम से एक बड़ा इवेंट होने जा रहा है।इस इवेंट में अलग–अलग श्रेणियों में हजारों धावक भागीदारी करेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल फरीदाबाद मैराथॉन में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करेंगे। उन्होंने जिला के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों व कॉलेजों तथा आरडबल्यूए के प्रतिनिधियों को ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में इस मैराथन में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित कराने के दिशा–निर्देश दिए। डीसी विक्रम सिंह ने आज सोमवार को लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में आयोजन की तैयारियों को लेकर ज़िला के सरकारी व निजी स्कूलों तथा कॉलेजों एवं आरडबल्यूए के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि दिल्ली और मुंबई जैसे देश के प्रमुख शहरों में आयोजित होने वाले ऐसे आयोजनों की तर्ज पर फरीदाबाद हॉफ मैराथॉन भी औद्योगिक महानगर का एनुअल इवेंट होगा। फरीदाबाद मैराथॉन में भागीदारी के लिए हजारों की संख्या में प्रोफेशनल रनर्स ने फरीदाबाद हॉफ मैराथॉन डॉट कॉम पर अपना पंजीकरण करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह रजिस्ट्रेशन 29 फरवरी तक करवाया जा सकता है। मैराथन का शुभारंभ सूरजकुंड परिसर से होगा और यह शहर के बडख़ल मोड़ से वापिस जाएगी। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि 21 किलोमीटर ओपन केटेगरी में हॉफ मैराथन में प्रथम स्थान पर आने वाले विजेता को 1 लाख 50 हजार, द्वितीय विजेता को 1 लाख व तीसरे स्थान पर आने वाले विजेता की 75 हजार के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 5 किलोमीटर की फन मैराथॉन का आयोजन जिसमें बच्चें युवा और सीनियर सिटीजन भाग ले सकते है। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि मैराथन के लिए पोर्टल पर 21 किलोमीटर फुल व 10 किलोमीटर की श्रेणी में आवेदन करने वाले रनर्स को रनिंग किट्स प्रदान की जाएगी। इसमें एक इलेक्ट्रॉनिक चिप युक्त बीब (टी शर्ट पर चिपकने वाला स्टीकर) शामिल है। उन्होंने बताया कि इस चिप युक्त बीब से रनर अपना वास्तविक रन टाइम कैलकुलेट कर सकेंगे साथ ही आयोजन के उपरांत अपने इलेक्ट्रॉनिक बीब की मदद से आयोजन से जुड़े अपने फोटो भी डाउनलोड कर सकेंगे। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि फरीदाबाद में यह अपने आप में पहला ऐसा बड़ा कार्यक्रम होगा जिसमें मैराथॉन में आए रनर्स में जोश व रोमांच भरने के लिए राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी लाइव परफॉर्मेंस देंगे।

उन्होंने बताया कि मुक्चय आयोजन स्थल के साथ साथ मैराथन के पूरे रूट पर निर्धारित स्थानों पर भी छोटे स्टेज पर लाइव परफॉर्मेंस आयोजित किए जाएंगे जो रनर्स को बूस्ट अप करेंगे। मीटिंग में एडीसी आनंद शर्मा, एसडीएम बडख़ल अमित मान, सीईओ ज़िला परिषद सतबीर मान, एसडीएम फरीदाबाद अमित कुमार, नगराधीश अंकित कुमार, डीआईपीआरओ राकेश गौतम सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# फ़रीदाबाद में चहुंमुखी विकास कार्य करने में सरकार ने नहीं छोड़ी कोई कसर : कृष्ण पाल गुर्जर




## केंद्रीय राज्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री ने राजकीय कन्या आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की बहुमंजिला का किया उद्घाटन

**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फ़रीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में केंद्र व प्रदेश सरकार ने विकास कार्य करने में कोई कसर नहीं छोडी है। हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि शिक्षा विकास की धुरी होती है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लबगढ़ में राजकीय कन्या आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की बहुमंजिला इमारत के उद्घाटन के अवसर पर आमजन को संबोधित कर रहे थे। यह भव्य आधुनिक तकनीकी से बनाया भवन पर करीब 7 करोड़ की लागत से तैयार हुआ है। कन्या स्कूल की 4 मंजिल इस स्कूल की इमारत में हर मंजिल पर बेटियों को वाटर कूलर का आरओ का पानी मिलेगा। वहीं बेटियों की पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए सुसज्जित डीलक्स 7 लैबे और एक लाइब्रेरी बनाई गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद जताते हुए स्थानीय विधायक और परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा को भी स्कूल के नए भवन की बधाई दी। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि साल 2014 से पहले बल्लभगढ़ की विकास कार्यों के मामले में हालत खस्ता थी। लेकिन आज बल्लभगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र सहित तमाम विकास कार्यों के साथ लोगों को मूलभूत सुविधाएं देने का काम किया गया है। वहीं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा हरियाणा में सबसे ज्यादा बेटियों को शिक्षा देने वाला यह बल्लभगढ़ में यह प्रदेश का पहला गर्ल स्कूल है। इस स्कूल में कक्षा पहली सेकरीब 4000 बेटियां शिक्षा ले रही है। आज से यह स्कूल की इमारत बेटियों को समर्पित है। उन्होने कहा कि बेटियों को बेहतर सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यह भव्य इमारत बनाई गई है। शिक्षा मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने इसके निर्माण के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री और केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर का भी आभार जताया है। हरियाणा के उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने इस अवसर पर की घोषणा की है कि बल्लबगढ़ विधानसभा के सेक्टर 23 में बनाए जाने वाले को–ऐड कॉलेज का नाम शहीद भगत सिंह के नाम होगा। वहीं फतेहपुर बिल्लौच सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल का नाम महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस के नाम रखवाने की भी घोषणा की है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने 11 लाख रूपये और सम्मान पत्र देकर समय से पहले स्कूल भवन बनाने पर ठेकेदार अनिल कुमार को सम्मानित भी किया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती आशा दहिया, कैलाश बंसल, भगवान दास गोयल, लखन बेनीवाल, प्रताप भाटी, महेश गोयल कैलाश वशिष्ठ ने भी उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया तथा भाजपा नेता टीपर चंद शर्मा सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस पार्टी के खाते सील करने को लेकर देशभर में प्रदर्शन

## भाजपा पर लगाए लोकतंत्र की हत्या करने के आरोप



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** इलेक्ट्रोल बॉन्ड को लेकर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस पार्टी के खाते को सीज किए जाने के विरोध में सोमवार को पूरे देशभर में कांग्रेसियों ने आयकर भवन के समक्ष प्रदर्शन कर अपना विरोध प्रकट किया। फरीदाबाद में एन.एच.4 स्थित आयकर विभाग के दफ्तर के सामने कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया और केन्द्र की भाजपा सरकार पर जमकर हल्ला बोला। प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेसी नेता विजय प्रताप ने किया। सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एन.एन.5 स्थित केसी सिनेमा के पास एकत्रित हुए और वहां से प्रदर्शन करते हुए एन.एच.4 स्थित इंकम टैक्स विभाग के दफ्तर के सामने पहुंचे। कांग्रेसियोंने भाजपा सरकार पर तानाशाही करने, लोकतंत्र की हत्या करने के आरोप लगाए। कार्यकर्ताओ ने भाजपा सरकार मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। इस मौके पर पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ईडी, सीबीआई, इंकम टैक्स का दुरुपयोग कर रही है, लोकतांत्रिक व्यवस्था को खत्म कर रही है। विपक्षी पार्टियों को डराने के लिए उन पर मुकद्दमे दर्ज किए जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रोल बॉड को गैर कानूनी बताकर रद्द कर दिया, जोकि मोदी सरकार का निर्णय था। बीजेपी ने इसके माध्यम से कॉरपोरेट जगत से 6.5 हजार करोड़ रुपए ले लिए। सुप्रीम कोर्ट ने इसको बैन किया, लेकिन खाता बंद कराया जा रहा है कांग्रेस पार्टी का। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार की इस तानाशाही का विरोध करती है और आज पूरे देश में इस व्यवस्था के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन किए जा रहे हैं। कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपा सरकार की जन विरोधी एवं अलोकतांत्रिक नीतियों के चलते आज देश का लोकतंत्र खतरे में हैं। इन्होंने बेशर्मी की सभी हदें पार कर दी है। देश में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई चरम पर है। आज डॉलर के मुकाबले रुपए की स्थिति आप देख सकते हैं। ये लोग आंकड़ों के साथ छेडख़ानी करके लोगों को बरगलाने का काम कर रहे हैं। लोग इनके बहकावे में आने वाले नहीं है और 2024 के चुनावों में जनता इसका जवाब देगी। उन्होंने कहा कि इलेक्टरोल मोड के माध्यम से भाजपा केवल अपना अकाउंट भरना चाहती थी, जिसकी मंशा को सुप्रीम कोर्ट ने उजागर करते हुए इसे रद्द कर दिया। कांग्रेसियों ने कहा कि ये लोग सत्ता के भूखे लोग हैं और सत्ता पाने के लिए हर कदम उठा रहे हैं। लोकसभा चुनाव जीतने की ललक में ये लाग बौखला गए हैं, लेकिन कांग्रेस इनकी गीदड भभकियों से डरने वाली नहीं है और डटकर इनके हर वार का विरोध किया जाएगा। आज के प्रदर्शन में कांग्रेस नेता विजय प्रताप के साथ पूर्व विधायक शारदा राठौर, रघुबीर सिंह तेवतिया, बलजीत कौशिक, योगेश ढींगड़ा, दीपक चौधरी, मनोज नागर, अभिलाष नागर, आईटी सैल के प्रभारी डा सौरभ शर्मा, अमनदीप सिंह ,इकबाल कुरैशी, इशांत कथूरिया, सुहैल सैफी, ,एडवोकेट जयभगवान जी, गंजना लाम्बा, विजय पाल सरपंच, ओमपकाश गौड, विरेन्द्र मावी, राकेश पंडित, विनोद कौशिक, मास्टर भारत भूषण, एडवोकेट राजेश बैसला, मुकेश पांडे, महेश अग्रवाल, रमेश गौतम, अमित कुमार, राजू नागर, अनिल नेताजी, सोनू सलूजा, सुरेश कुमार, गुलजारी लाल, समय सिंह, तौफिक खान, राहुल सरदाना आदि शामिल रहे।

# श्री राम कथा में राम जन्म होते ही श्रीराम के जयकारों से गूंजा पंडाल



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** सेक्टर 9 के श्री राम मंदिर में 10 दिवसीय श्री राम कथा के तीसरे दिन राम के जन्म होते ही पंडाल में प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। श्री राम और हनुमान जन्मोत्सव पर श्री राम कथा में उमड़े श्रद्धालु वहीँ कथा के तीसरे दिन मुख्य यजमान रवीन्द्र गुप्ता ,राजकुमार बजाज और अरुण सराफ रहे। इस मौके पर कथा में राम जन्मोत्सव में श्रद्धालु भक्तिभाव से झूमते नजर आए। इसके अलावा पंडाल में जन्मोत्सव को लेकर खुशियां मनाई गईं। इस मौके पर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 9 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष रणबीर चौधरी और उद्योगपति अरुण बजाज ने आए हुए सभी भक्तों का इस भक्तिमय कार्यक्रम में पहुँचने पर धन्यवाद किया। कथावाचक परम पूज्य संत श्री कृष्णा स्वामी जी वृन्दावन वाले महाराज जी ने कहा कि भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। भगवान राम ने बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा। राम कथा में पिता के प्रति मां के प्रति और भाई के प्रति प्रभु राम का जो स्नेह प्रेम रहा सदा सदा के लिए अमर है। कथावाचक ने कहा कि राजा दशरथ के संतान न होने के कारण अपने कुलगुरु वशिष्ठ के पास जाते हैं। जहां वशिष्ठ द्वारा श्रृंगी ऋषि से शुभ पुत्र कामेष्टि यज्ञ करवाते है। यज्ञ कुंड से अग्नि देवता का प्रकट होकर राजा दशरथ को खीर प्रदान करते हैं। जिसके बाद राजा दशरथ द्वारा तीनों रानियों कौशल्या, कैकई और सुमित्रा को खीर देते है। उस खीर के खाने से तीनों रानियों को भगवान राम सहित भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म होता है। कथावाचक परम पूज्य संत श्री कृष्णा स्वामी जी वृन्दावन वाले महाराज जी ने कहा की श्री राम के जन्म से ठीक 6 दिन बाद भगवान हनुमान के जन्म की घटना को आप भले ही महज संयोग मान सकते हैं. वहीं इसको लेकर तुलसीदास जी हनुमान चालीसा में लिखते हैं कि भीम रूप धरि असुर संहारे. रामचंद्रजी के काज संवारे. इसका मतलब है कि भगवान श्री राम सबके बिगड़े काम बनाते हैं, लेकिन उनके काम हनुमानजी बनाते हैं. यही कारण है कि प्रभु राम की सहायता करने के लिए हनुमान जी का जन्म रुद्र के 11वें अवतार के रूप हुआ. जिसमें सैकड़ों की तादाद में महिला पुरुष श्रद्धालु पहुंचे। 16 फरवरी से 25 फरवरी तक आयोजित यह 10 दिवसीय राम कथा दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक किया जा रहा है। श्री राम कथा का भव्य आयोजन श्री रामा कृष्णा फाउंडेशन , रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 9, श्रीराम मंदिर महिला समिति, प्रोत्साहन वूमेन सोसाइटी की और से किया जा रहा है। कथा के तीसरे दिन नीतू राजपूत, उषा भाटिया, मंदीप चावला, नीतू राजपूत, नमृता मित्तल, मधु गुप्ता, मंजू बजाज, समरिति राजपूत, प्रभा मल्होत्रा, प्रवेश राजपूत, सावित्री मोर, शील, नीतू मिड्डा, प्रीति शर्मा, मोनिका, रीना, कांता जुनेजा, प्रसाद सहयोगी, आनंद साबू, एसएन शर्मा, अजय भाटिया, नमृता मित्तल, रिक्की चौधरी, एडवोकेट राम कुमार गुप्ता, बलदेवराज जुनेजा, नीतू राजपूत, सतबीर शर्मा, डॉ. सुमित अग्रवाल, अशोक शर्मा, रोशन लाल बोराड़, राजिन्द्र मेंदीरत्ता, रोहताश शर्मा, डॉ. राम रतन गुप्ता ,इत्यादि उपस्थित रहे।

# मांगों को लेकर ठेका कर्मचारियों ने किया एनएचपीसी मुख्यालय पर प्रदर्शन



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** मांगों की अनदेखी के खिलाफ सोमवार को ठेका ने एनएचपीसी मुख्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन किया। कोआर्डिनेशन ऑफ एनएचपीसी एम्पलाइज यूनियन के बेनर तले कारपोरेट मुख्यालय पर हुए इस प्रदर्शन में सभी प्रोजेक्ट से सैकड़ों की संख्या में ठेका कर्मचारियों ने भाग लिया। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन (एएचपीसी) व सीटू की जिला इकाईयों से कर्मियों व मजदूरों ने धरना प्रदर्शन में शामिल होकर आंदोलन एवं मांगों के साथ एकजुटता प्रकट की। एनएचपीसी कारपोरेट मुख्यालय के मेन गेट पर आयोजित धरने प्रदर्शन को सीआईटीयू के महासचिव एवं पूर्व सांसद का. तपन सेन, ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्पलाइज फेडरेशन (एआईएसजीईएफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईईएफआई) के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा, कोआर्डिनेशन कमेटी के वर्किंग प्रेसिडेंट का.कश्मीर सिंह वर्किंग प्रेसिडेंट, ईईएफआई के सेकेट्री सुदीप दत्ता, हिमाचल सीटू के महासचिव प्रेम गौतम, सचिव सुदेश ठाकुर,कोआर्डिनेशन कमेटी के नेता सुशील व धर्मसिंह ,एएचपीसी वर्कर यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी, सर्कल सचिव कृष्ण कुमार कालीरमन, रामचरण,सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान करतार सिंह जागलान, सीटू के जिला अध्यक्ष निरंतर पाराशर, सचिव वीरेंद्र डंगवाल,रवि गुलिया व सुधा पाल आदि ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों में एनएचपीसी ने ढाई हजार करोड़ से बढक़र साढ़े तीन हजार करोड़ हो गया है। जबकि रेगुलर कर्मचारियों की संख्या 7 हजार से घटकर 5 हजार हो गई है। यह सब मुनाफा ठेका कर्मचारियों की मेहनत के दम पर हासिल किया गया है। इसके बावजूद एनएचपीसी मेनेजमेंट ठेका कर्मियों की मांगों का समाधान करना तो दूर अपना कर्मचारी तक मानने को तैयार नहीं है। जिसके कारण ठेका कर्मियों को सोमवार को मजबूरीवश एनएचपीसी कारपोरेट मुख्यालय पर मार्च करना पड़ है। धरने प्रदर्शन के बीच एनएचपीसी के एचआर डारेक्टर व अन्य संबंधित अधिकारियों ने यूनियन के प्रतिनिधिमंडल को वार्ता के लिए आमंत्रित किया। यूनियन व मेनेजमेंट की बीच करीब एक घंटे बातचीत में कांट्रेक्ट वर्कर को हड़ताल न करने की अंडरटेकिंग दिए बिना सितंबर,2023 बढ़ाए गए वेतन के भुगतान करने पर सहमति हुई। पहली हड़ताल न करने की अंडरटेकिंग देने के बाद बढ़ोतरी करने के आदेश दिए गए थे। इस मामले में कोई एग्रीमेंट होगा तो ठेका कर्मचारी की केवल यूनियन के साथ किया जाएगा इसके अलावा मेनेजमेंट ने सभी प्रोजेक्ट में एक समान वेतन देने का आने वाले दिनों में प्रयास करने, कांट्रेक्ट वर्कर की समस्याओं के समाधान के लिए स्थाई मेकेनिज्म बनाने का भी भरोसा दिलाया। मेनेजमेंट ने अगामी डिस्कसन अगली अपेक्स बॉडी की मीटिंग में करने का आश्वासन दिया। धरने पर मेनेजमेंट द्वारा बातचीत में मानी हुई मांगों को प्रोजेक्ट स्तर पर लागू करवाने की निगरानी करने, ठेका कर्मचारियों को नियमित करने व समान काम समान वेतन व सेवा सुरक्षा प्रदान करने की मांग को निरंतरता में उठाने और संगठन को सभी प्रोजेक्ट में मजबूत करने का फैसला लिया गया। एनएचपीसी कोआर्डिनेशन कमेटी ने सभी वर्कर्स को शानदार संघर्ष के लिए क्रांतिकारी बधाई दी और धरने प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया।

# भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा भाजपा राष्ट्रीय अधिवेशन में हुए सम्मिलित

**भाजपा कार्यकर्ता 400 पार के नारे को चरितार्थ कर तीसरी बार मोदी जी को बनायेंगे, देश का प्रधानमंत्री: राजकुमार वोहरा**



सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा हरियाणा प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों और विधायकों के साथ दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भाजपा के 2 दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्मिलित हुए। राष्ट्रीय अधिवेशन में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के निमित चुनाव तैयारियों और संगठन के अनेक आगामी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई और राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने लोकसभा चुनाव तैयारी के मद्देनजर कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपना महत्वपूर्ण संबोधन दिया। मोदी जी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि अगले 100 दिन नई ऊर्जा, नई उमंग, नया उत्साह, नया विश्वास और नए जोश के साथ काम करना है। आज विपक्ष के नेता भी द्दष्ठ सरकार 400 पार के नारे लगा रहे हैं. और एनडीए को 400 पार कराने के लिए भाजपा को 370 का माइलस्टोन पार करना ही होगा। अपनी सरकार के कार्यकाल में महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए गए कार्यों के बारे में बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आज भाजपा युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान की शक्ति को विकसित भारत के निर्माण की शक्ति बना रही है। राजकुमार वोहरा ने राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने के बाद कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के संबोधन से हम सभी कार्यकर्ताओं में एक नई उर्जा का संचार हुआ है और इसी उर्जा से ओत प्रोत होकर हर भाजपा कार्यकर्त्ता 400 पार के नारे को चरितार्थ कर तीसरी बार मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनने अपना अमूल्य योगदान देंगे।

# श्री सिद्धदाता आश्रम एक दिव्य स्थान है : पंडोखर सरकार

## मध्य प्रदेश के दतिया निवासी स्वामी पंडोखर सरकार ने सिद्धदाता आश्रम में किए दर्शन



सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** मध्य प्रदेश के दतिया के रहने वाले पंडोखर सरकार ने आज श्री सिद्धदाता आश्रम में भगवान नारायण के दर्शन किए और अधिपति जगदगुरु स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज से मन्त्रणा की। इस अवसर पर पंडोखर सरकार ने कहा कि श्री सिद्धदाता आश्रम एक दिव्य स्थान है। जिसकी स्थापना महान संत स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज ने की। आज इस स्थान पर आने वाले असंख्य लोगों को बैकुंठवासी स्वामी के तपोबल से धर्म अर्थ काम और मोक्ष की प्राप्ति हो रही है। स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज के सानिध्य में श्री सिद्धदाता आश्रम आने वालों को आदि व्याधियों से मुक्ति प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि श्री सिद्धददाता आश्रम जैसे दिव्य स्थान पर वही आ पाता है जिसे माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होता है। उन्होंने यहां की व्यवस्थाओं की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और आश्रम द्वारा संचालित गुरुकुल एवं गौशाला प्रकल्पों की भी प्रशंसा की। उन्होंने जगदगुरु स्वामी श्री पुरुषोत्तमाचार्य महाराज को पंडोखर धाम आने का निमंत्रण दिया। स्वामीजी ने भी पंडोखर सरकार को श्री लक्ष्मीनारायण दिव्य धाम में भगवान श्रीमन नारायण के समक्ष सम्मानित किया और संस्थापक बैकुण्ठवासी स्वामी महाराज के समाधि स्थल पर भी दर्शनार्थ ले गए। उन्होंने सरकार का बहुमान किया और उनसे पुन: आने की बात कही। उन्होंने कहा कि पंडोखर सरकार आध्यात्मिक ज्ञान से लोगों का मार्गदर्शन करते हैं। यह आध्यात्मिक ज्ञान उन नास्तिकों के मुंह पर तमाचा है जो हर बात पर सवाल खड़ा करते हैं। इस अवसर पर पंडोखर धाम सरकार के साथ उनके प्रमुख भक्त भी मौजूद रहे। वहीं आश्रम के भी हजार भक्त इस अवसर पर साक्षी रहे।

# अमर शहीद नायक संदीप काली रमन सेना मेडल शहीद को उनकी पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा के गांव अटाली में 19 फरवरी 2019 को अमर शहीद नायक संदीप काली रमन सेना मेडल शहीद हुए थे। उनकी याद में उनकी पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजलि दी गई उनकी समाधि पर हवन हुआ जिसमें पूर्व सैनिकों ने भाग लिया।

इस मौके पर कैप्टन जयचंद, कर्नल गोपाल, हवलदार किरण पाल, विनोद सोलंकी हवलदार, जयप्रकाश भाटी हवलदार, बंसीलाल शाहजहांपुर के सरपंच में अटाली के सरपंच के अलावा शहिद के परिवार वालों ने शहीद की मूर्ति पर माल्यापर्ण किया।

# कब्रिस्तान निर्माण के विरोध में विधायक राजेश नागर से मिले सरपंच

## विधायक ने अधिकारियों को फोन कर मामला सुलझाने के लिए कहा



सिटी 24 न्यूज

**फरीदाबाद।** भोपानी गांव में कब्रिस्तान बनाए जाने के विरोध में कई सरपंचों ने विधायक राजेश नागर से मुलाकात की। जिस पर विधायक ने अधिकारी को फोन कर मामला सुलझाने के निर्देश दिए। आज जगत सिंह पार्षद, संजय सरपंच लालपुर, सरपंच ललित चौहान, महावतपुर सरपंच रवि चौहान, राजपुर कला सरपंच कुलबीर चौहान, ददसिया गांव से धन सिंह नम्बरदार व आसपास के गांव की सरदारी ने तिगांव विधायक राजेश नागर से उनके निवास पर मुलाकात की और गांव भोपानी में कब्रिस्तान बनाए जाने के बारे में बताया। उन्होंने विधायक को बताया कि स्थानीय जनता यहां कब्रिस्तान बनाए जाने के खिलाफ है। जिसे देखते हुए गांव भोपानी में कब्रिस्तान बनाए जाने पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाई जाए। जगत सिंह पार्षद, संजय सरपंच ने बताया कि यह एसटीपी लाईन ऊपर और ग्रीन बेल्ट में बनाया जा रहा है जिसके चारों तरफ हिन्दु आबादी है, इसलिए इसका विरोध किया जा रहा है। प्रशासन के अधिकारी को गुमराह करके इसे यहां पास कराया गया है, जिससे लोगों में रोष है। सरपंच ललित चौहान, सरपंच रवि चौहान व कुलबीर चौहान ने विधायक से तुरंत इसे रूकवाने की अपील करते हुए कहा कि गांववालों की भावनाओं का ख्याल रखा जाए। सभी ने अनुरोध किया कि संबंधित अधिकारियों को इसे रोकने के लिए उचित कार्यवाही के लिए कृपया तुरंत निर्देश करें। क्योंकि यह एक बेहद गंभीर मामला होने के कारण इसपर तत्काल कार्रवाई करना अति आवश्यक है। विधायक ने सभी की बात सुनकर अधिकारियों से फोन पर बात की और इस मुददे को तुरंत सुलझाने का आदेश दिया।

# पलवल पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है



सिटी 24 न्यूज/हेमलता

**पलवल।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत पलवल पुलिस अधीक्षक डॉ.अंशु सिंगला आईपीएस के कुशल निर्देशन में पलवल पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। जिला पुलिस लगातार नशा तस्करों को दबोच रही है। इसी कड़ी में पलवल एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी उप निरीक्षक अजीत नागर की टीम ने बंद बॉडी कैंटर में 361.550 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा पत्ती की बड़ी खेप बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसकी मार्किट कीमत करीब 1 करोड रुपए बताई जा रही है।

एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी उप निरीक्षक अजीत नागर के अनुसार सीआईए पलवल की टीम मे तैनात उप निरीक्षक शाहिद अहमद के नेतृत्व में गठित टीम नशा गतिविधियों की रोकथाम हेतु चांदहट चौक पर मौजूद थी तभी उन्हें मुखबिर खास से सूचना मिली कि दो तस्कर गाडी न0 HR38V-2089 बन्द बाडी कन्टेनर में गांजा भरकर अलीगढ की तरफ से आएंगे और पलवल की तरफ जाएंगे। सूचना के आधार पर टीम ने चांदहट थाना के सामने अलगीगढ पलवल रोड पर नाकेबंदी शुरू की गई तो करीब एक घंटे बाद उक्त कैंटर आता दिखाई दिया। जिसकी सूचना मुखबिर द्वारा मिली थी। नाकाबंदी को देखकर तस्करों ने भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस पार्टी ने गाँव लहरवाडी थाना पुन्हाना निवासी चालक एवं मौहम्मदपुर थाना पिनगवाँ जिला मेवात (नूँह) निवासी गाड़ी मालिक दोनों को धर दबोचा।

प्रभारी एंटीनाकोटिक सेल पलवल ने आगे बतलाया कि मौके पर नोडल अधिकारी दिनेश यादव डीएसपी पलवल की देखरेख में कैंटर की तलाशी ली गयी जिसमें 16 कट्टे मिले जिन्हें खोलने पर उनमें मादक पदार्थ गांजा मिला। जिनका वजन कराने पर उनमें 361 किलो 550 ग्राम मादक पदार्थ गांजा पत्ती मिली। जिसकी मार्किट कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने गांजा पत्ती को बरामद कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर अवैध नशा तस्करी के रैकेट का भंडाफोड़ कर अन्य संलिप्त आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# पलवल: जीवन ज्योति सी.सै. स्कूल में विदाई समारोह किया गया आयोजित



सिटी 24 न्यूज/हेमलता

**पलवल।** जीवन ज्योति सी.सै. स्कूल के प्रांगण में ग्यारहवीं कक्षा के स्टूडेंट्स द्वारा बारहवीं कक्षा के स्टूडेंट्स का किया गया विदाई समारोह। प्रत्येक वर्ष स्कूल में ग्यारहवीं कक्षा के स्टूडेंट्स बारहवीं कक्षा के स्टूडेंट्स को विदाई देते हैं। उसी क्रम में इस वर्ष भी जीवन ज्योति स्कूल के प्रांगण में ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों ने बारहवीं के छात्रों को विदाई पार्टी दी तथा उनका सम्मान किया। स्टूडेंट्स ने टाईटल द्वारा स्टूडेंट्स को सम्मान दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चौ. हीरालाल मैमोरियल सोसायटी के चेयरमैन दधर्मवीर चैहान तथा सल्लागढ पुलिस चैकी इन्चार्ज तेजपाल रहे। उन्होने अपने वकतव्य में सभी स्टूडेंट्स को विदाई के अवसर पर परिक्षाओं की बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। चौकी इंचार्ज तेजपाल ने स्टूडेंट्स को सम्बोधित करते हुए कहा की स्टूडेंट्स को किस प्रकार अब नई सीढीं में प्रवेश करने पर सावधानी पूर्वक अपने आप को संजोए रखना है। वहीं चौधरी हीरालाल मेमौरियल स्कूल के चेयरमैन और ग्राम छज्जूनगर के सरपंच प्रतिनिधि धर्मवीर चौहान ने भी अपने विचारों को स्टूडेंट्स के साथ सांझा कर आगामी परिक्षाओं के लिए बधाई दी।

स्कूल में सम्मान समारोह के दौरान बैस्ट बाय बैस्ट गर्ल और बैस्ट अचीवर का चयन भी किया गया। जिसमें बैस्ट बाय का का सम्मान साईस संकाय से मंदीप सिंह बैस्ट गर्ल का तनीषा तथा बैस्ट अचीवर का का सम्मान कामर्स संकाय से छात्र दीपांशु को दिया गया। छात्र व छात्राओं ने डांस व मनमोहक प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंधक विरेन्द्र गहलौत ने सभी बैस्ट बाय बैस्ट गर्ल तथा बैस्ट अचीवर स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए सभी बारहवीं कक्षा के स्टूडेंट्स को आगामी परिक्षाओं के लिए शुभकामनाऐं दी तथा भगवान राम रूपी प्रतिमा को को अध्यापकों को भेंट कर उनके आदर्शों में चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार, अशोक गहलौत, जितेन्द्र फोगाट ने भी सभी स्टूडेंट्स को परिक्षाओं के लिए बघाई दी तथा आगामी परिक्षाओं के दौरान अपने विषय की तैयारी के टिप्स शेयर किए।

# हत्या के 24 घंटे बाद आरोपी गिरफ्तार न होने पर लगाया जाम



सिटी 24 न्यूज/हेमलता

**पलवल।** सदर थाना क्षेत्र में युवक की पीट-पीट कर हत्या के मामले में 24 घंटे बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से गुस्साए परिजन व ग्रामीणों ने बीती रात पलवल-सोहना मार्ग पर जाम लगा दिया। जाम के दौरान सकड़ पर बैठे विलाप करते हुए मृतक के परिजनों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जाम की सूचना मिलते ही डीएसपी नरेंद्र खटाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद करीब डेढ़ घंटे लगे जाम को खोल दिया।

घुघेरा के नंगला गांव निवासी 32 वर्षीय जुगेंद्र की 16 फरवरी को बाइक पर सवार होकर अपनी रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने के लिए गेलपुर गांव गया हुआ था। शाम को शादी में खाना खाकर वापस घर के लिए आ रहा था तभी गेलपुर के अड्डे से उसे कृष्ण, विष्णु, पवन, ललित, लुल्ले, रोहित, मोहित सहित अन्य अपहरण कर कैराका गांव के जंगल में ले गए, जहां लाठी, डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर जंगल में फैंक कर उसके परिजनों को इसकी फोन पर सूचना भी दे दी। परिजन घायल अवस्था में दिल्ली सफदरजंग अस्पताल लेकर पहुंचे तो जुगेंद्र की मौत हो गई। पुलिस ने इस संबंध में 12 नामजद सहित 20 के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में का केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। लेकिन हत्या के 24 घंटे बाद (शनिवार देर रात तक) जब आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो मृतक के परिजन व ग्रामीण पलवल-सोहना मार्ग पर पहुंच गए। परिजनों में पुलिस के प्रति रोष व्याप्त था, रोते हुए कह रहे थे कि 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही। मौके पर पहुंचे डीएसपी नरेंद्र खटाना व ब्लॉक समिति की चेयरपर्सन के पति भगत सिंह घुघेरा ने लोगों को समझा। मृतक के परिजन रोते हुए कह रहे थे कि जुगेंद्र के चार बच्चे है उनका लालन-पालन कौन करेगा, पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही। डीएसपी नरेंद्र खटाना ने जाम लगा रहे परिजनों को बताया कि दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है, बाकि की तलाश में पुलिस की टीम जुटी हुई है जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ग्रामीणों ने पुलिस को पांच दिन का समय दिया है कि यदि आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए तो मजबूर होकर उन्हें दोबारा रोड़ पर आना पड़ेगा। जिसपर डीएसपी ने कहा कि पांच नहीं जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। जिसके बाद ग्रामीणों ने डेढ़ घंटे लगे जाम को खोल दिया।

# पलवल की बेटियों ने महाराष्ट्र में लहराया परचम




सिटी 24 न्यूज/हेमलता

**पलवल।** महाराष्ट्र के नांदेड़ में 16-17 फरवरी को आयोजित हुए पेंचक सिलाट नेशनल गेम में जिले की छह लड़कियों ने हिस्सा लिया। जिनमें से पांच लड़कियों ने मेडल जीत कर जिले का नाम रोशन किया। महिला खिलाड़ियों का पलवल पहुंचने पर अर्जुन स्पोर्ट्स अकादमी में जोरदार स्वागत किया गया। अर्जुन स्पोर्ट्स अकादमी के मैनेजिंग डॉयरेक्टर नरसिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचिंग सिलात नेशनल गेम का आयोजन महाराष्ट्र (नांदेड़) में 16 व 17 फरवरी को आयोजित किए गए। जिनमें जिला पलवल अकादमी से छह लड़कियों ने पेंचक सिलाट खेल में हिस्सा लिया। जिनमें से पांच लड़कियों ने मेडल प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। पेंचक सिलाट खेल की विजेताओं में चांदनी ने गोल्ड, चंचल ने गोल्ड, शबनम ने ब्रॉन्ज, राधिका ने ब्रॉन्ज, अंतिम ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए है। महिला खिलाडियों ने महाराष्ट्र में आयोजित इस प्रतियोगिता में अच्छा खेल दिखाकर अपने माता-पिता व अकादमी का भी नाम रोशन किया। पेंचक सिलाट संगठन के मास्टर अनिल गॉड ने लड़कियों की इस जीत पर उन्हें बधाई देते हुए खुशी जाहिर की। प्रतियोगिता में कई प्रदेशों के सैकडों खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। विजेता खिलाडियों को अतिथियों व आयोजकों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। खिलाडियों का पलवल पहुंचने पर अकादमी में जोरदार स्वागत किया गया।

## संपादकीय

# लोकतंत्र का जज्बा

रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सबसे प्रबल विरोधी माने जाने वाले अलेक्सी नवलनी की पिछले हफ्ते जेल में संदिग्ध हालात में हुई मौत को कम से कम हैरान करने वाला तो नहीं माना जा सकता। विदेश में जहर देकर मारने के प्रयासों से बचने के बाद 2021 में वह रूस लौटे। उसके बाद देश-विदेश में उनके समर्थकों और प्रशंसकों को आशंका थी कि कभी भी उनकी जान जाने की खबर आ सकती है।

**पुतिन को खतरा नहीं :** हालांकि दुनिया भर में उठ रहे सवालों के बावजूद रूस में पुतिन के शासन को किसी तरह का खतरा नहीं माना जा रहा। इसकी एक वजह तो यह है कि नवलनी की मौत के बाद वह धुरी समाप्त हो गई है, जिसके इर्द-गिर्द पुतिन विरोधी तत्वों के इकट्ठा होने की सबसे ज्यादा संभावना थी। दूसरी बात यह कि यूक्रेन युद्ध के मोर्चे पर भी राष्ट्रपति पुतिन अभी बेहद मजबूत स्थिति में दिख रहे हैं। पूर्वी यूक्रेनी शहर अवदीवका से यूक्रेनी सेना की वापसी की शनिवार को हुई घोषणा, पिछले करीब एक साल में रूस को मिली सबसे बड़ी कामयाबी के रूप में देखी जा रही है।

**बढ़ता खौफ :** सच तो यह है कि रूस के अंदर जो भी थोड़ा बहुत विरोध पुतिन का हो रहा था, वह धीरे-धीरे कमजोर पड़ता गया। एक-एक कर उनके सारे प्रमुख विरोधी नेता या तो मर चुके हैं या जेल में डाल दिए गए हैं या फिर निर्वासित हैं। इसका ताजा उदाहरण हैं कम चर्चित लिबरल नेता बोरिस नादेज्दीन, जिनके युद्ध विरोधी मंच के हस्ताक्षर अभियान को हजारों रूसियों का समर्थन मिल रहा था। इसी महीने उनके राष्ट्रपति चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी गई।

**चुनाव चुनौती नहीं :** राष्ट्रपति चुनाव पुतिन तो क्या रूस में कभी भी किसी भी राष्ट्रपति के लिए चुनौती नहीं साबित हुए हैं। ऐसे में अगले महीने होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को एक औपचारिकता ही माना जा रहा है, जिसमें पुतिन की जीत लगभग तय है। फिर भी सांकेतिक रूप में ही सही, मत प्रतिशत कम होने जैसी किसी स्थिति की भी उम्मीद अगर विरोधी कर रहे थे तो उसकी संभावना अब शून्य मानी जा रही है।

**शहीद का दर्जा :** मगर नवलनी की जेल में हुई मौत ने दुनिया भर के लोकतंत्र समर्थकों के बीच उन्हें शहीद का दर्जा जरूर दे दिया है। रूसी समाज के लिहाज से भी यह एक बड़ी घटना इसलिए मानी जा रही है क्योंकि आधुनिक और समकालीन दौर में वहां ऐसे प्रेरक व्यक्तित्वों की कमी रही है, जिनसे लोकतांत्रिक संघर्षों को बल मिले। साफ है कि तात्कालिक तौर पर रूस में इसका कोई असर चाहे न दिखे, लेकिन नवलनी की मौत ने दुनिया की लोकतांत्रिक और मानवाधिकारवादी चेतना को झकझोरा है।

## हार्डवेयर दुकान में चोरी



**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** बहीन थाना के निकट स्थित एक हार्डवेयर की दुकान में रविवार की रात्रि को चोरी हो गई। चोरी 19 फरवरी को भोर में सुबह चार बजे के आसपास हुई है। सीसीटीवी फुटेज में चोरी की घटना रिकॉर्ड पाई गई है। दुकान मालिक शिवम उर्फ भोला ने बताया कि अज्ञात चोर लगभग 20 हजार रुपए का सामान एवं नकदी चोरी करके ले गए। थाना निकट होने के चलते क्षेत्र में दिन रात गश्त रहती है। इसके बावजूद चोर चोरी कर फरार हो गए। समाचार भेजे जाने तक पुलिस ने केस दर्ज नही किया है।

## डम्फर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** टोंका गांव के निकट बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसकी मौत हो गई। उटावड थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हथीन थाना के गांव लखनाका निवासी शाकिर बाइक पर सवार होकर शिकरावा की तरफ जा रहा था। अचानक टोंका के पास डम्फर ने उसको टक्कर मार दी। शाकिर की मौत हो गई। मृतक की लाश को पोस्टमार्टम के लिए पलवल होसपिटल में भेजा गया है। 46 वर्षीय मृतक शाकिर शटरिंग का काम करता था। दुर्घटना की सूचना मिलते ही उटावड थाना के जांच अधिकारी संजीत होसपिटल पहुंचे। उन्होंने बताया कि परिवार जनों ने अभी तक कोई शिकायत दर्ज नही कराई है। घटना की जांच की जा रही है।

## सडक दुर्घटना में अज्ञात महिला की मौत

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** मिंडकौला पुलिस चौकी अंतर्गत गांव अकबरपुर नाटौल के निकट दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर एक महिला की सड़क दुघर्टना में मृत्यु हो गई। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल वहीद ने बताया कि मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर सामान्य अस्पताल के मोर्चरी में शिनाख्त के लिए रखवा दिया है। उन्होंने बताया कि मृतका ने सतरंगी कलर का ब्लाउज व नीले रंग का स्वेटर तथा साडी पहनी हुई है।

## जिला स्तरीय ताइक्वांडो टूर्नामेंट में हथीन के सात छात्रों ने जीता गोल्ड

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** पलवल में आयोजित जिला स्तरीय ताइक्वांडो टूर्नामेंट में हथीन के 7 छात्रों ने गोल्ड मैडल एवं एक ने सिल्वर मेडल जीता है। 17 किलोग्राम भार वर्ग में आयुष, 23 किलोग्राम भार वर्ग में सुनिधि, 20 किलोग्राम भार वर्ग में इशिता, 32 किलोग्राम भार वर्ग में सोमेश गोला, 49 किलोग्राम भार वर्ग में जपेश बंसल ने गोल्ड मैडल प्राप्त किए। 30 किलोग्राम भार वर्ग में चिराग ने सिल्वर मैडल प्राप्त किए। टीम के कोच मनीष तेवतिया व लोकेश ने बताया कि छात्रों की कड़ी मेहनत से यह परिणाम आए हैं। उन्होंने बताया कि छात्रों को नेशनल एवं इंटरनेशनल खिलाने के लिए निरन्तर अभ्यास कराया जा रहा है।

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से कंप्यूटर एवं अन्य सामान चोरी

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मलाई से अज्ञात चोर ताले तोड़कर कंप्यूटर, प्रिंटर एवं बैटरी चोरी कर ले गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी टेक सिंह डागर ने बताया कि चोरी 17 फ़रवरी की रात्रि को हुई। उन्होंने बताया कि प्रधानाचार्य ब्रजकिशोर की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इससे पूर्व भी ऊक्त विद्यालय में चोरी हुई थी। उसका भी कोई सुराग नही लग पाया है।

# गृह मंत्री अनिल विज ने पत्रकार ज्ञानेंद्र भरतरिया के परिवार को एम.डब्ल्यु.बी द्वारा करवाए 10 लाख रुपए के टर्म इंश्योरेंस की राशि दी



**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** मीडिया वैलबीग एसोसिएशन (रजिस्टर्ड) द्वारा पत्रकारों के करवाये गए टर्म इन्श्योरेंस के अंतर्गत 10 लाख रुपए की राशि का चेक स्वर्गीय पत्रकार ज्ञानेंद्र भरतरिया के पुत्र आरुष को हरियाणा के गृह व स्वस्थय मंत्री अनिल विज द्वारा प्रदान की गई। ज्ञानेन्द्र भरतरिया प्रसार भारती के सलाहकार, एमएच वन, ए2जेड के न्यूज़ हैड, जी टीवी, इंडिया टीवी व इससे पहले दैनिक जागरण, राष्ट्रीय सहारा जैसे कई संस्थानों में विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे थे। मृत्यु से पूर्व वह पांचजन्य के सहयोगी संपादक थे। इस अवसर पर एम.डब्ल्यु.बी उत्तर भारत के अध्यक्ष चन्द्र शेखर धरणी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष निश्चिल भटनागर, महासचिव सुरेन्द्र मेहता, कोषाध्यक्ष तरुण कपूर, प्रांतीय संगठन सचिव पवन चोपड़ा, कार्यकारिणी सदस्य दयानंद शर्मा, सुधीर तंवर, विकेश शर्मा, राजकुमार, यमुनानगर जिलाध्यक्ष देवीदास शारदा इत्यादि मौजूद थे। इस अवसर पर अनिल विज ने कहा कि मीडिया वेलबिंग एसोशिएशन ने पत्रकारों के परिवारों की रक्षा व सुरक्षा के लिए दुर्घटना जीवन बीमा व टर्म इंश्योरेंस करवा एक सरहनीय कार्य किया है। पत्रकारों के कल्याण के लिए संस्था साकारात्मक कदम उठा रही है।

हरियाणा के गृह व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा ज्ञानेंद्र बरतरिया का निधन उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है। ज्ञानेंद्र बरतरीया के रूप में पत्रकार जगत के आसमान में एक ध्रुव तारा थे, जो कि पत्रकार जगत का एक स्तंभ थे। उनका जाना जहां पत्रकार जगत के लिए बहुत ही बड़ा आघात है, वही निजी रूप में भी उनके लिए है यह बहुत ही बड़ी भारी क्षति है। जिसकी कमी कभी भी पूरी नहीं की जा सकती। जिन्होंने सदैव अपनी लेखनी और शब्दों के जरिए जहां पत्रकार जगत में नए-नए आयाम स्थापित किए वहीं उनकी लेखनी से देश और देशवासियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत रही। ज्ञानेंद्र पत्रकार होने के नाते नाते उनके निजी मित्र भी थे। विज ने कहा कि पत्रकार जगत के साथ-साथ ज्ञानेंद्र का जाना उनके लिए एक पारिवारिक सदस्य के जाने जैसा है।

ज्ञानेंद्र पत्रकारिता का क्षेत्र मे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में ए टू जेड चैनल के न्यूज़ हेड, एम एच न्यूज़ चैनल के न्यूज़ हेड, प्रसार भारती के सलाहकार व मौजूदा तौर पर पाचाजन्य के कार्यकारी संपादक के तौर पर भी कार्य कर रहे थे। इसके अलावा उन्होंने प्रिंट मीडिया के कई बड़े संस्थानों में काम किया। जिसके चलते पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत अरुण जेटली से भी उनके गहरे निजी रिश्ते थे। इसके अलावा आरएसएस और भाजपा के वरिष्ठ राष्ट्रीय नेताओं से भी उनके निजी और मधुर संबंध थे। एसोसिएशन समय-समय पर दुर्घटना मृत्यु बीमा और टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी के लाभ पत्रकारों को देती रही है।

प्रदेशभर में हजारों की संख्या इस संगठन के सदस्यों की है। एमडब्ल्युबी उत्तर भारत के अध्यक्ष चन्द्र शेखर धरणी ने बताया कि स्वर्गीय ज्ञानेंद्र भरतरिया के टर्म इन्श्योरेंस दिलवाने में इन्श्योरेंस एजेंट राजीव व आयुष द्वारा करवाई तातविक कार्यवाही के चलते यह क्लेम मृत्यु के चन्द दिनों बाद उनके परिवार को मिल सका।धरणी ने कहा कि एमडब्ल्यूबी हरियाणा में स्वर्गीय ज्ञानेंद्र भरतरिया के नाम से पत्रकारों के लिए एक अवार्ड प्रतिवर्ष शुरू करेगी। उन्होंने मीडिया में रहते ज्ञानेन्द्र भरतरिया द्वारा पँजाब के नशे के खिलाफ एक टी वी चैनल पर 100 से अधिक एपिसोड व स्टिंग ऑपरेशन चलाने की बात का भी जिक्र किया।

# विद्यालय शिक्षा विभाग हरियाणा के पर्वतारोही दल ने सिक्किम क्षेत्र में 16500 फीट की ऊंचाई पर स्थित माउंट रेहनोक पर फहराया ध्वज

**यह उपलब्धि विश्व रिकॉर्ड के रूप में हुई दर्ज**

**अभियान में पलवल जिले के विद्यार्थी दीपेश तथा शिवांगी दल के सदस्य हैं**

**इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी पलवल अशोक बघेल तथा समस्त शिक्षा जगत के अधिकारियों ने दी बधाई**





**सिटी 24 न्यूज/ऋषी भारद्वाज**

**होडल।** विद्यालय शिक्षा विभाग, हरियाणा ने बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स-एवं-रेहनोक शिखर 16500 फ़ीट पर्वतारोहण अभियान में भाग लेने के लिए 51 प्रतिभागियों (हरियाणा के सरकारी स्कूलों के ग्यारहवीं कक्षा के 22 लड़के और 22 लड़कियां, 3 पुरुष एवं 3 महिला शिक्षक और 1 कॉन्टिनजेन्ट लीडर) की एक टीम भेजी थी। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल ने बताया जिले के छात्र दीपेश पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पलवल तथा छात्र शिवांगी पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिंगोड पर्वतारोही दल के सदस्यों के रूप में इस अभियान में शामिल रहे तथा इस रिकार्ड को बनाने में अहम भूमिका का निर्वहन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित हिमालयन पर्वतारोहण संस्थान (एचएमआई), दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) के सहयोग से 21.11.2023 से 18.12.2023 तक सिक्किम क्षेत्र में किया गया था। हरियाणा राज्य स्कूल शिक्षा विभाग की टीम ने 07.12.2023 को सिक्किम क्षेत्र में 16500 फीट की ऊंचाई पर माउंट रेहनोक का यह पर्वतारोहण अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न किया और माउंट रेहनोक को सबसे तेज़ गति से फतेह करने का रिकॉर्ड बनाया। इस उपलब्धि को वर्ल्डवाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में वर्ल्ड रिकॉर्ड के रूप में सम्मिलित किया गया है। छात्रों के साथ-साथ एस्कॉर्ट शिक्षकों का चयन विशिष्ट मानदंडों के अनुसार विभागीय वेबसाइट पर विशेष रूप से डिजाइन किए गए पोर्टल के माध्यम से किया गया था। इस दौरान प्रतिभागियों को हाई एल्टीट्यूड वाले क्षेत्रों के प्रकृति अध्ययन और साहसिक प्रशिक्षण, ग्लेशियर पर ट्रैकिंग, बोल्डरिंग, रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग, मोरैन वॉकिंग, फ्रंट पॉइंट क्लाइंबिंग, आइस क्लाइंबिंग, क्रेवास बचाव तकनीक और पीक क्लाइंबिंग, आपदा तैयारी तकनीक आदि का प्रशिक्षण भी दिया गया। जहां तक पर्वतारोहण अभियानों का सवाल है, यह सह पाठ्य गतिविधियों का एक रूप है जहां प्रतिभागी पाँच हज़ार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले पहाड़ी क्षेत्र में कई दिन और रातें बिताते हैं। उन्हें वहाँ रहने के लिए तंबू का उपयोग करने की आवश्यकता होती है, जो घर के आराम से बहुत अलग है। इन गतिविधियों के माध्यम से छोटे बच्चों को जिम्मेदार नागरिक और कानून का पालन करने वाले वयस्कों के रूप में विकसित होने में तथा प्रकृति का संरक्षण करने में मदद मिलती है। इसके अलावा, पर्वतारोहण अभियान प्रतिभागियों को अपने करियर में भी पर्वतारोहण को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

**पर्वतारोहण अभियान में निम्नलिखित उद्देश्य शामिल हैं:**

युवा छात्रों को पर्वतारोहण के माध्यम से 5000 मीटर से अधिक ऊंचाई पर स्थित पहाड़ों पर प्रकृति अध्ययन का अवसर प्रदान करना, ताकि वे वहाँ की वनस्पतियों, वन्य जीवों, जन जीवन का अध्ययन कर सकें। छात्रों को अधिक ऊंचाई वाले साहसिक कार्यों की तकनीक और कार्यप्रणाली से परिचित कराना। उनकी फिटनेस, आत्मविश्वास, आयोजन क्षमता, निर्णय लेने और अन्य व्यक्तित्व लक्षणों के स्तर को बढ़ाना।

उल्लेखनीय है कि हरियाणा भारत का एकमात्र राज्य है, जहां सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए विभाग के स्तर पर पर्वतारोहण अभियान आयोजित किये जाते हैं। इस कार्यक्रम में बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स भी जोड़ा गया है ताकि छात्र आगे चलकर पर्वतारोहण को अपने करियर के रूप में चुन सकें, क्योंकि इस क्षेत्र में रोजगार और उज्ज्वल भविष्य की व्यापक संभावनाएं हैं। इस विशेष पर्वतारोहण पाठ्यक्रम-एवं-पर्वतारोहण अभियान में अर्हता प्राप्त करने वाले प्रतिभागी देश के किसी भी राष्ट्रीय स्तर के पर्वतारोहण और साहसिक संस्थान में प्रशिक्षु प्रशिक्षक के रूप में काम करने के पात्र होंगे। प्रशिक्षु प्रशिक्षक के रूप में एक महीने की प्रशिक्षुता के बाद, वे साहसिक संस्थानों, साहसिक खेल कंपनियों आदि में जूनियर प्रशिक्षक की नौकरी पाने के पात्र होंगे या फ्रीलांसर प्रशिक्षक के रूप में काम कर सकते हैं। इसके अलावा, वे पर्वतारोहण को अपने करियर में एक संबद्ध खेल के रूप में अपना सकते हैं और एडवांस माउंटेनियरिंग कोर्स (एएमसी) और मेथड्स ऑफ इंस्ट्रक्शंस (एमओआई) आदि के रूप में अपनी योग्यता बढ़ा सकते हैं। योगेश सौरोत जिला कोऑर्डिनेटर यूथ एंड इको क्लब ने बताया की पर्वतारोहण अभियान में राज्य की टीम द्वारा अर्जित सफलता का विश्व रिकॉर्ड के रूप में सामने आना पूरे विभाग के लिए ही नहीं बल्कि पूरे राज्य के लिए ख़ुशी की बात है। इस उपलबधि में पलवल जिले के विद्यार्थियों का सहयोगी होना गर्व की बात है।

**जिला शिक्षा अधिकारी पलवल अशोक बघेल:**

हरियाणा सरकार द्वारा बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के साथ साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए अन्य पाठ्येतर गतिविधियां भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं, ताकि आज के विद्यार्थी कल के सक्षम नागरिक बनकर देश और समाज के विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकें। पर्वतारोहण अभियान, एडवेंचर कैम्प्स, स्पोर्ट्स आदि में हरियाणा पूरे देश मे अव्वल है। इस बार तो पर्वतारोहण में विश्व रिकॉर्ड के रूप में उत्कृष्ट उपलबधि भी मिली है। इस कार्यक्रम से जुड़े सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों व शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

# होडल के अधिवक्ताओं ने चंडीगढ पुलिस द्वारा अधिवक्ता पर किए हमले को लेकर होडल बार एसोसिएशन ने काम काज रखा ठप



**सिटी 24 न्यूज/ऋषी भारद्वाज**

**होडल।** होडल के अधिवक्ताओं ने हरियाणा एवं पंजाब बार एसोसिएशन के आहवा्न पर अधिवक्ता के साथ बेरहमी से हमला करने और अध्यक्ष के साथ मारपीट के मामले को लेकर सोमवार को होडल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने अदालती कामकाज ठप रखा। मामले को लेकर अधिवक्ताओं ने बैठक का आयोजन किया और चंढीगड पुलिस और उसके अधिकारियों द्वारा किए गए कृत्य की निंदा की। इस अवसर पर बार प्रधान हरबीर सिंह तंवर, अधिवक्ता मोहन कुमार, देवीराम तिवारी, अमरसिंह सौरोत, सुरेशचन्द, कपिल सौरोत, कृष्ण कुमार, बंबशीलाल सोरोत, शिवराम सौरोत, तेजेंद्र पाल, महाराम सौरोत, देवीसिंह सौरोत, बीरसिंह, अमित कुमार, शमशेर सौरोत, यशपाल सौरोत, तरूण शर्मा, विनय बंसल, ओमप्रकाश सौरोत, पुष्पेंद्र बैनीवाल, प्रीतपाल बैनीवाल, हेमंत चौहान, जगदीश कोशिक, हंसराज सौरोत आदि अधिवक्ताओं पुलिस की कार्रवाई को निंदनीय बताया। इस अवसर पर प्रधान हरबीर सिंह तंवर ने बताया कि चंडीगढ पुलिस द्वारा अधिवक्ता पर हमला कर घायल कर दिया गया था।

पीडित अधिवक्ता की सुरक्षा के लिए जब वहां हाईकोर्ट बार एसोएिसशन के अधिवक्ता पहुंचे तो उन्हें लगभग पांच घंटे तक आरोपितों के साथ थाने में बैठाए रखा। उन्होंने बताया कि अपराधों में लिप्त सभी आरोपितों को छोड दिया गया। किसी भी आरोपित को गिरफतार नहीं किया गया है। अधिवक्ताओं ने पुलिस की इस कार्रवाई को कलंकपूर्ण बताया, जिसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा। प्रधान तंवर ने बताया कि मामले में लिप्त आरोपितों की गिरफतारी होने तक अदालती काम काज ठप रहेगा।

## पुलिस ने 3 जुआरियों को किया गिरफ्तार

**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** शहर चौकी पुलिस ने तीन जुआरियों को जुआ खेलते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। उक्त जानकारी देते हुए शहर चौकी इंचार्ज विजय पाल ने बताया कि चौकी में तैनात एएसआई राजेन्द्र कुमार पुलिस टीम के साथ रात्रि गस्त पर रींडका मोड पर था कि उन्हें विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली कि इसी सडक पर आगे थोड़ी दूर खेत के साथ कच्चे रास्ते पर नईम वार्ड नंबर 4 हथीन अपने साथियों के साथ ताश के पत्तों से जुआ खेल रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही एएसआई राजेन्द्र कुमार ने पुलिस टीम के साथ बताए गए स्थान पर दबिश देकर तीन युवकों को काबू कर लिया। पूछताछ के दौरान काबू किए गए तीनों युवकों में से एक ने अपना नाम पता नईम निवासी वार्ड नंबर 4 हथीन, दूसरे ने अपना नाम पता इंदर उर्फ इंद्रराज निवासी वार्ड नंबर 5 हथीन और तीसरे ने प्रदीप निवासी वार्ड नंबर 4 हथीन बताया। उन्होंने बताया कि तलाशी लेने पर नईम के पास से 750 रूपए , इंदर उर्फ इंद्रराज के पास से 700 रूपए तथा प्रदीप के पास से 600 रूपए और मौका से 52 पत्ते ताश के बरामद हुए। तीनों युवकों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज आगामी कार्रवाई नियमानुसार अमल में लाई गई है।

## सोमवार को हथीन बार एसोसिएशन ने किया वर्क सस्पेंड




**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के आह्वान पर सोमवार को हथीन बार एसोसिएशन ने वर्क सस्पेंड कर पुलिस की कार्यप्रणाली पर रोष व्याप्त किया। हथीन बार एसोसिएशन के प्रधान संजय रावत ने बताया कि शुक्रवार को चंडीगढ़ के सेक्टर-28 में कुछ लोगों ने हाई कोर्ट के वकील पर हमला कर दिया था, जिसमें वह घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि इस दौरान हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के प्रधान विकास मलिक भी वहां मौजूद थे और उनके साथ भी हाथापाई की गई थी। लेकिन पुलिस ने इस मामले में शिकायत के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की तथा कई घंटों बाद एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन उसमें भी मामूली धाराएं ही लगाई गईं। उन्होंने बताया कि हथीन बार एसोसिएशन ने हमले और पुलिस के रवैये की कडे शब्दों में निंदा की है और अपना विरोध को प्रदर्शित करने के लिए सोमवार को वर्क सस्पेंड करने का निर्णय लिया गया है।

## पुलिस ने 4 साइबर अपराधियों को दबोचा



**सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर**

**हथीन।** पुलिस ने दिल्ली-मुंबई हाईवे के बीवां टोल प्लाजा पर नाकाबंदी करते हुए चार साइबर अपराधियों को दबोचा है। जिनसे 3 लाख 35 हजार ठगी की रकम समेत फर्जी खातों के तीन एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। सभी आरोपियों के विरूद्ध साइबर थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बतलाया कि साइबर अपराध की रोकथाम हेतु एक टीम जिले के महू चोपड़ा बॉडी कोठी मार्ग पर मौजूद थी। उसी समय सूचना मिली कि साइबर ठगी करने वाले सुदेश, साजिद, नईमुद्दीन, राशिद, कालू निवासी सिंगार थाना बिछोर व मोहम्मद अब्बास निवासी लुहिंगाकला थाना पुन्हाना साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देने के बाद कार में सवार होकर दिल्ली-मुंबई के रास्ते गुड़गांव से फिरोजपुर झिरका आएंगे। जिन्हें ठगी की रकम व सबूतों सहित दबोचा जा सकता है। सूचना के मुताबिक पुलिस टीम ने दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेस वे बीवां टोल प्लाजा पर नाकेबंदी कर दी। थोड़ी देर बाद ही एक सफेद रंग की कार आई जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो चालक कार को रोक उतरकर खेतों के रास्ते फरार हो गया, जबकि इस दौरान कार सवार चार युवकों को पुलिस ने दबोच लिया। जिनकी पहचान साजिद, नईमुद्दीन, राशिद निवासी सिंगार व मोहम्मद अब्बास निवासी लुहिंगाकला थाना पुन्हाना के रूप में हुई जबकि फरार युवक की पहचान भी कर ली गई है। सभी आरोपियों की तलाशी लेने पर उनके कब्जा से अलग-अलग बैंकों के 3 एटीएम कार्ड व 3 लाख 35 हजार रुपये बरामद हुए। पूछताछ पर सभी युवक साइबर अपराध में संलिप्त पाए गए। जिन्होंने लोगों से ऑनलाइन धोखाधड़ी कर फर्जी बैंक खातों में ठगी की रकम जमा कराई थी। जिसे फर्जी एटीएम कार्ड के माध्यम से निकाला गया था। नूंह साइबर थाना पुलिस ने उपरोक्त सभी आरोपियों के विरुध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चोरों ने शादी समारोह से आभूषण और पैसों से भरे बैग को किया चोरी, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**सिटी 24 न्यूज/ऋषी भारद्वाज**

**होडल।** नेशनल हाईवे 19 पर बाबरी मोड के निकट बैंकेट हाल में आयोजित शादी समारोह से अज्ञात युवक लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात ओर नगदी को लेकर चंपत हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही शादी समारोह में खलबली मच गई और मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। गांव मर्रोली निवासी बाबूराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 फरवरी को उसके भतीजे अनिल निवासी मर्रोली का बाबरी मोड स्थित कृष्णा वाटिका शादी समारोह चल रहा था। पीडित ने बताया कि शादी समारोह में पुत्र वधू के लिए लाखों रुपए कीमत के आभूषण और 75 हजार रुपए की नगदी का बैग पास था। फेरे की रस्म पूरी होने के बाद उसने बैग को जमीन पर रख दिया और जूते पहनने लगा। इसी बीच अज्ञात व्यक्ति ने नगदी से भरे बैग को चंपत कर दिया। पुलिस ने पीडित की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है।

## देसी रिवाल्वर सहित आरोपी किया गिरफ्तार

**सिटी 24 न्यूज/ऋषी भारद्वाज**

**होडल।** जिला पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला के नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत गत दिनांक 18 फरवरी 2024 को होडल थाना प्रभारी निरीक्षक उमर मोहम्मद की टीम में तैनात हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार ने थाना क्षेत्र अंतर्गत फ्रेंड्स कालौनी होडल से एक आरोपी को देशी रिवाल्वर अवैध हथियार सहित काबू किया। अवैध हथियार को कब्जे में लेकर आरोपी के विरुद्ध थाना में शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है तथा आरोपी को आज पेश अदालत किया जाएगा।

# सेक्टर 76 में खुला दक्षता चैरिटेबल डेंटल और आई केयर सेंटर

## स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में की एक और पहल



**सिटी 24 न्यूज**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के प्रसिद्ध हेल्थ केयर एनजीओ दक्षता फाउंडेशन और पी एम एम्प्रो एक्सपोर्ट्स ने 17 फरवरी को सेक्टर 76 फ़रीदाबाद में एक धर्मार्थ क्लिनिक शुरू किया। संस्था का उद्देश्य है रोगियों की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना, बिना किसी भेदभाव के उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है। इस चैरिटेबल क्लिनिक के यहा खुलने के बाद, तिगांव, छाजूनगर, दयालपुर, मच्छगर आदि व कई आस पास की झुगगियों में रहने वाले लोगो को लाभ मिलेगा। यह क्लिनिक आस-पास गांवों से घिरा हुआ है और सार्वजनिक परिवहन के माध्यम से आसानी से पहुंचा जा सकता है। पी एम्प्रो एक्सपोर्ट्स की एचआर उपाध्यक्ष सुश्री आकर्षिका उप्पल ने कहा कि उनके संगठन का उद्देश्य सामुदायिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि पॉलीक्लिनिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ा सकते हैं, खासकर ग्रामीण इलाकों में जहां चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंच सीमित हो सकती है। इस पहल से बेहतर स्वास्थ्य देखभाल परिणाम और बीमारियों का शीघ्र पता लगाया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि एक कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदार कंपनी के रूप में हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम उस वर्ग के लोगों तक पहुंचें जो संसाधनों की कमी के कारण समय पर चिकित्सा देखभाल लेने में असमर्थ हैं।

इस पॉलीक्लिनिक के उद्घाटन के अवसर पर डॉक्टर अवीर सरकार, डॉ विजेंद्र सौरोत, डॉक्टर एस बक्शी, बीजेपी नेता सुधीर नागर, डॉक्टर पुनीता हसीजा, डॉक्टर आर एस सैनी, डॉक्टर बालकृष्ण गुप्ता, डॉक्टर उपासना कौशिक, डॉक्टर मीनू नागर, नैना कौशिक और निखिल कौशिक आदि गणमान्य लोग इस मौके पर उपसथित रहे।

# एसडी स्कूल ककराला में आयोजित विशाल स्वास्थ जांच शिविर में 1700 मरीजों ने उठाया लाभ



### नेत्र रोग, स्त्री रोग तथा त्वचारोग विशेषज्ञ सहित चिकित्सकों की टीम ने की मरीजों की जांच

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** एसडी ग्रुप ऑफ स्कूलस जरूरतमंद व्यक्तियों की सेवा के लिए तत्पर है। एसडी शिक्षा समिति की ओर से रविवार को आयोजित स्वास्थ जांच शिविर में 1700 मरीजों की स्वास्थ जांच कर दवा वितरित की गई। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि उनकी ओर से समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता रहता है। जिनके माध्यम से समाज के जरूरतमंद व्यक्तियों को लाभ मिलता है। एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के प्रांगण में आयोजित स्वास्थ जांच शिविर के लिए मरीजों ने ऑनलाइन व ऑफलाइन पंजीकरण कराया जिसमें से अधिकांश की जांच कर दवा वितरित की गई। उन्होंने बताया कि बीते दिसबंर माह में एसडी विद्यालय खेडी में स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया था। जिसमें डेढ हजार से अधिक व्यक्तियों ने स्वास्थ लाभ लिया था।

इसी प्रकार 18 फरवरी रविवार को एसडी वरिष्ठ माध्यकि विद्यालय ककराला में भी विशाल स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के लिए सप्ताहभर पूर्व रजिस्ट्रेशन शुरू किए गए थे। एसडी शिक्षा समिति की ओर से सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित इस नि:शुल्क विशाल स्वास्थ जांच शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.नेहा वत्स, स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ.कंचन सैनी, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. रितिका राव, पेन फिजीशियन डॉ. रिजुल सैनी, जनरल फिजीशियन डॉ. अतुल खत्री की टीम मरीजों की जांच कर दवा वितरित की गई। इसके अलावा शिविर में आने वाले मरीजों की बीपी, शुगर, ईसीजी व बीएमआइ की जांच भी नि:शुल्क की गई। शिविर के समापन अवसर पर विद्यालय प्रशासन की ओर से चिकित्सक़टीम को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया इस मौके पर सीइओ आरएस यादव, प्राचार्य ओमप्रकाश यादव, नरेंद्र सिंह, संजय कुमार, कृष्णा, नीलम, मीनाक्षी, पूजा, ईश्वर सिंह, पंकज, प्रियंका सहित शिक्षक एवं ग्रामीण हाजिर थे।

# नाहिदा खान रोजका मेव पंचायत की कार्यवाहक सरपंच नियुक्त



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** इंडरी के गांव रोजका मेव में बीते दिनों एक धांधली का मामला आया था, इसके बाद ग्राम पंचायत रोजका मेव के सरपंच को बर्खास्त कर किया। सरपंच के बर्खास्त होने पर राजनीतिक जोड़तोड़ का कार्य शुरु हो गया था। सरपंच की बर्खास्तगी के बाद तीन बार कार्यवाहक सरपंच का चुनाव स्थगित हुआ था। सोमवार को एक बार फिर कार्यवाहक सरपंच के लिए इंडरी ब्लॉक में चुनाव हुआ। चुनाव में ड्यूटी मजिस्ट्रेट नूंह के एसडीएम अश्वनी कुमार को लगाया गया। चुनाव के समय ब्लॉक में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी तैनात की गई। चुनाव के समय नाहिदा को 8 वोट मिली। वहीं विपक्ष का कोई भी मेंबर चुनाव के समय खंड कार्यालय नहीं पहुंचा। इसीलिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने सभी आठ मौजूद पंचायत मेंबरों के साइन कराकर पंचायत रजिस्टर नाहिदा सरपंच को सौंप दिया। बता दें कि रोजका मेव पंचायत में 13 पंच है जिनमें से सोमवार को नाहिदा को 7 पंचों ने अपना समर्थन दिया। जिसके बाद चुनाव प्रक्रिया शुरु हुई और नाहिदा खान को वोटिंग के बाद रोजका मेव पंचायत की कार्यवाहक सरपंच का चार्ज सौंपा गया। चुनाव जीतने के बाद नाहिदा खान नवनियुक्त सरपंच के पति ने कहा कि गांव में विकास कार्यों को बिना किसी भेदभाव के कराया जाएगा। सरकार व प्रशासन के दिशा निर्देशानुसार कार्य कराए जाएंगे। ग्रामीणों की सभी समस्याओं का समाधान कराना ही उनका मुख्य लक्ष्य है। वही नव नियुक्त सरपंच नाहिदा खान ने कहा कि परिवार में यह सरपंची 30 साल बाद लौटी है। 30 साल पहले उनके ससुर हाजी खचेड़ा गांव के सरपंच थे उन्होंने अपने कार्यकाल में गांव में बहुत विकास कार्य कराए थे अब परिवार में सरपंची की यह जिम्मेदारी मेरे को मिली है। अब फिर से गांव में भरपूर विकास कार्य कराए जाएंगे ।

# जिला में चलाया जा रहा है फलोरोसिस रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम : उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा



**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि जिला के गांव में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो और पानी में फलोराइड की मात्रा तय मानकों से अधिक ना हो इसके लिए जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा राष्ट्रीय फलोरोसिस रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से फलोरोसिस की टीम द्वारा गांव -गांव जाकर तथा स्कूलों में पढने वाले बच्चों के सर्वे द्वारा दांतों और हड्डियों की जॉंच की जा रही है। पीने के पानी में फलोराइड की अधिकता होने के कारण छोटे बच्चों और व्यक्तियों में दॉंतों में पीलापन तथा हड्डियों में टेढापन (विकृति) बहुत ही सामान्य है। जिले की फलोरोसिस टीम द्वारा स्कूलों तथा गांवों में जाकर फलोरोसिस संबंधी रोगियों की जांच की जा रही है तथा मौके पर ही उपचार तथा परामर्श दिया जा रहा है, तथा जटिल मरीजों के उपचार के लिए सिविल अस्पताल मांडीखेडा लाया जा रहा है तथा अधिक जटिल मरीजों का मेडिकल कालेज नल्हड में इलाज किया जाता है।

सिविल सर्जन डा. राजीव बातिश ने बताया कि फलोरोसिस विभाग द्वारा दंत्य फलोरोसिस ग्रस्त लोंगों को फलोराइड मुक्त टुथपेस्ट वितरित की गई। अधिक जटिल मरीजों का दंत रोग विभाग द्वारा जरूरी इलाज किया गया। फलोरोसिस विभाग जिला नूंह के नोडल अधिकारी डॉ. हेमन्त कुमार ने बताया की पीने के पानी में अधिक फलोराइड होने की वजह से उतपन्न हुई फलोरोसिस बामारी के मुख्य लक्षण इस प्रकार है जैसे : उल्टी आना, भूख कम लगना, पेट में दर्द होना, गैस बनना, पेट फूलना, मांसपेसियों तथा जोंडों में दर्द होना, लम्बी दूरी तक चलने में असमर्थ होना। जिला नूंह के फलोरोसिस बीमारी से बचाव के लिए अपने पीने के पानी की जॉंच कमरा नं. 46 सिविल अस्पताल मांडीखेड़ा में कराएं तथा बीमारी से बचाव के लिए भरपूर मात्रा में फली,हरी सबजियों दूध तथा दुग्ध उत्पादन वाला संतुलित भोजन करें तथा उच्च फलोराइड युक्त भोजन जैसे काला नमक, सुपारी तम्बाकू तथा फलोराइड युक्त टूथपेस्ट का इस्तेमाल करने से बचें, और अधिक परामर्श के लिए फलोरोसिस विभाग सिविल अस्पताल मांडीखेडा में सम्पर्क करें।

## हरियाणा राजस्थान में अपराधिक घटनाओं का अंजाम देने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**सिटी 24 न्यूज/ऋषी भारद्वाज**

**होडल।** होडल सीआईए पुलिस ने हरियाणा ,राजस्थान में अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है ।पुलिस ने आरोपियों को कब्जे से देशी पौना बंदूक सहित दो कारतूस भी बरामद किए है ।पुलिस के रिकॉर्ड के अनुसार आरोपियों पर हत्या के प्रयास ,लूट ,डकैती सहित विभिन्न धाराओं के तहत दर्जनों से अधिक केस दर्ज है ।आरोपियों की पहचान शलमु निवासी गुराकसर थाना बहीन व हम्मन उर्फ अलाउद्दीन निवासी मोहरू का नांगला थाना हथीन के रूप में हुई ।सीआईए प्रभारी रविंद्र ने बताया कि मुखबिर ने उन्हें सूचना दी ।शहर के हसनपुर चौक पर दो इनामी बदमाश हथियारों वाहन के इंतजार में खड़े हुए है ।सूचना मिलते ही हेड कांस्टेबल संदीप के नेतृत्व में टीम गठित कर मौके पर भेजी ,तभी दो युवक पुलिस टीम को देखकर भागने लगे लेकिन पुलिस ने प्रयास कर दोनों को काबू कर लिया ।पुलिस टीम की पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सलमू निवासी गुराकसर व हम्मन उर्फ अलाउद्दीन निवासी मोहरू का बताए वंही तलाशी के दौरान आरोपी सलमू से देशी पौना बंदूक व अलाउद्दीन से दो कारतूस बरामद किए। सीआईए प्रभारी ने बताया कि आरोपियों का जब आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला तो पता चला कि आरोपियों के खिलाफ राजस्थान के राजगढ़, जयसिंहपुर, जयपुर, सोहना व पलवल के विभिन्न थानों में लूट, डकैती, चोरी, गोकशी व हत्या के प्रयास संहित संगीन आपराधिक 13 केस दर्ज हैं उन्होंने कहा कि राजगढ़ थाना में दर्ज लूट के केस में आरोपी हम्मन उर्फ अलाउद्दीन की गिरफ्तारी पर एक हजार रुपये का ईनाम भी घोषित है । पुलिस ने अवैध हथियार के मामले में होडल थाना में केस दर्ज कर अदालत में पेश किया है।

## हत्या के प्रयास के मामले में सरपंच को क्राइम ब्रांच की टीम ने किया गिरफ्तार



**सिटी 24 न्यूज/ऋषी भारद्वाज**

**होडल।** नेशनल हाईवे पर स्थित क्राइम ब्रांच टीम ने वर्ष 2022 में चांदहट थाना अंतर्गत गांव के खेतों के रास्ते से ट्रैक्टर निकालने के झगड़े में गोली मारकर घायल कर करने व हत्या के प्रयास में गांव गुरवाड़ी के सरपंच को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है । क्राइम ब्रांच टीम के अनुसार इस केस में अभी अन्य आरोपी फरार बताए है। होडल क्राइम ब्रांच प्रभारी रविंद्र कुमार के अनुसार,25 फरवरी 2022 को गांव चांदहट निवासी कमलजीत ने थाना पुलिस चांदहट को दी शिकायत में बताया कि उसके मौसी के लड़के प्रमोद निवासी इस्लामाबाद का गांव गुरवाड़ी के सरपंच हरेंद्र उर्फ बंटी और उसके दो साथियों के साथ गांव घोड़ी चांट के खेतों के रास्ते मे ट्रैक्टर निकालने के मामले में कहासुनी हो गई और झगड़ा हो गया। इस दौरान हरेंद्र उर्फ बंटी ने जान से मारने की नीयत से सीधी गोली चला दी और गोली प्रमोद के पेट में जा लगी,गोली लगने से प्रमोद गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ति जब उसे बचाने लगे तो आरोपियों ने बुलेट बाइक में टक्कर मार दी और गोली चलाकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ति की शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच क्राइम ब्रांच होडल को सौंप दी। क्राइम ब्रांच प्रभारी ने बताया कि टीम ने गांव गोरवाडी के सरपंच हरेंद्र बंटी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जहां अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया।

## हार्डवेयर की दुकान से डेढ़ लाख रुपये का सामान चोरी



**सिटी 24 न्यूज/संजय राघव**

**सोहना।** इंडरी मोड़ पर स्थित हार्डवेयर की दुकान से चोर डेढ़ लाख का सामान चोरी कर ले गए। चोर छत के रास्ते दुकान में घुसे थे। सुबह घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। चोरी की इस वारदात से अन्य दुकानदारों में भी दहशत है। सोहना में चोरी की वारदातें रुकने का नाम नहीं ले रही है ।अगर जखोपुर की बात करें तो अब से पहले आधा दर्जन दुकानों में चोरियां की वारदात हो चुकी है। हालांकि पुलिस रात्रि के समय गस्त की बात कर रही है। सोहना कस्बे में इंडरी मोड़ पर सतीश हार्डवेयर की दुकान है। जिसको सतीश कुमार चलाता है गत रात्रि को दुकानदार अपनी दुकान को भली प्रकार बन्द करके गया था। किंतु सोमवार को जब दुकानदार ने अपनी दुकान को खोला तो उसके होश उड़ गए। चोर दुकान से लाखों रुपये का कीमती सामान मोटर, टूंटी, कॉपर आदि को चुरा कर ले गए हैं। दुकानदार ने घटना की सूचना 112 नम्बर पर दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा जानकारी हासिल की। पीड़ित दुकानदार सतीश ने बताया कि चोर छत के जीने की टुकड़ियों को तोड़ कर दुकान के अंदर पहुंचे थे। उसने यह भी बताया कि करीब डेढ़ लाख रुपये की चोरी हुई है। थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया किशिकायत के आधार पर मामले की जांच रही है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खगाला जा रहा है।

## बव्वा में 19 मार्च को आयोजित होगा दादा पूर्णमल का जागरण व भंडारा

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** निकटवर्ती गांव बव्वा में दादा पूर्णमल की याद में आगामी 19-20 मार्च को 15वें जागरण व भंडारे का आयोजन किया जायेगा। बव्वा ग्राम विकास समिति के प्रधान कमल सिंह ने बताया कि 19 मार्च को आयोजित होने वाले रात्री जागरण में रामधन गोस्वामी कागसर,मोहित लाडवाल कर्मगढ, अजय शर्मा उगालन धार्मिक भजनों की प्रस्तुती देगें।20 मार्च को सुबह सवा 8 बजे हवन होगा। जिसमें दूर दराज से आए श्रधालु हिस्सा लेगें। तदुपंरात शुद्ध घी से निर्मित प्रसाद का भंडारा प्रारंभ होगा। समारोह की तैयारियों के लिए मंदिर कमेटी व ग्रामीणों के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया गया।

## ककराला में वायुसैनिक के घर से चोरों ने चुराया कीमती सामान

**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** खंड के गांव ककराला में वायुसैनिक के घर का ताला तोडक़र अज्ञात चोर कीमती सामान चोरी कर ले गए। इस बारे में वेदप्रकाश ने कनीना सिटी थाना में दी शिकायत में कहा कि वह भारतीय वायुसेना में कार्यरत ओर दिल्ली रहता है। छुट्टी के दौरान ककराला घर पर आते हैं। 17 फरवरी को उनकी पत्नी घर पंहुची तो घर के ताले टूटे हुए मिले ओर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला। उन्होंने 112 नम्बर डायल कर पुलिस को सूचना दी। जांच करने पर अलमारी,संदूक, बेड को तोडक़र उनमें रखे कपड़े, इल्कट्रोनिक सामान सहित कीमती सामान गायब मिला। पुलिस ने वेदप्रकाश की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## आम नागरिक ही नहीं बल्कि सरकारी कार्यालयों के कर्मचारी बंदरो से परेशान



**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना में बंदरों का आंतक बढता जा रहा है। सैंकडों की संख्या से अधिक बंदर कहीं न कहीं स्वतंत्र होकर भरे बाजार उछलकूद करते हैं जिसे लेकर आमजन चिंतित है। ये बंदर घरों में ही बहीं बल्कि तहसील कार्यालय,एसडीएम कार्यालय,नगर पालिका कार्यालय,खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय,पुलिस थाना, कोर्ट कैंपस सहित अन्य स्थानों पर झुंड बनाकर घूमते हैं। सरकारी कार्यलयों में आए लोगों की गाडिय़ों के शीशे तोडना, सीसीटीवी कैमरे एवं टेलीफोन की केबल तोडना, दुकानदारों के सामान को क्षतिग्रस्त करना तथा इन्हें दूर भगाने की कौशिश करने पर आक्रामक होना सामान्य बात हो गई है। दिलचस्प बात है कि हिंसात्मक हुए बंदरो ने अब तक करीब दर्जनभर लोगों को काट कर घायल कर दिया है। जहां से इनका झुंड गुजरता है वहां आमजन दहशत में आ जाता है। बंदरों के काटने से घायल हुए शिवकुमार अग्रवाल व हिमांशु ने बताया कि वे अपना रोजमर्रा का कार्य कर रहे थे इसी दौरान बंदर आ गए ओर उन्हें काट खाया। सरकारी कार्यालयों में विभिन्न कार्यों से आने वाले नागरिक भयभीत हैं। शिवकुमार अग्रवाल ने कहा कि नपा प्रशासन को कई पत्र लिखकर बंदर पकडवाने की गुहार लगाई है लेकिन शिवाय आश्वासन के कुछ नहीं मिला। इस बारे में नपा सचिव समयपाल सिंह ने कहा कि बंदर पकडवाने की योजना को जल्द ही अंतिम रूप दिया जायेगा। बंदरो को पकड़ कर जंगल में छोड़ा जाएगा।

## एसडीएम स्कूल छितरोली में आयोजित अभिविन्यास एवं खेलकूद प्रतियोगति में महिला अभिभावकों ने दिखाया जलवा



**सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** एसडीएम स्कूल छिथरोली में अभिभावक अभिविन्यास समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महिला अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने विद्यालय की प्रधानाचार्य रेखा दांगी के नेतृत्व में महिलाओं ने खेलकूद प्रतियोगति में हिस्सा लिया। रस्सी कूद, गोला फेंक, बैलून, संगीत कुर्सी चयन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगति में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले अभिभावकों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने मां की गरिमा को प्रस्तुत कर माताओ द्वारा सम्मानित किया। विद्यालय में महिला अभिभावकों की खेल प्रतियोगिता भी करवाई गई। रस्सी कूद प्रतियोगिता में सुदेश प्रथम व सुषमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेक प्रतियोगिता में प्रमिला ने प्रथम व रेनु ने द्वितीय, गुब्बारा प्रतियोगिता मे कविता ने प्रथम तथा संगीत कुर्सी प्रतियोगिता में पूनम ने स्थान प्राप्त किया। इस समारोह की मुख्य अतिथि विद्यालय से शिक्षा ग्रहण कर चुकी एडवोकेट अंकिता थी तथा अध्यक्षता एडवोकेट रीना यादव ने की। उन्होंने अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा से उन्नति के द्वार खुलते हैं। संस्था के अध्यक्ष अजमेर सिंह दांगी ने कहा कि माताओं की छात्र-छात्राओं के विकास में अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा महाराणा प्रताप को छत्रपति की उपाधि दिलाने वाली उनकी मां जयवंता बाई थी। इस मौके पर मंजू, बबली, प्रमिला, सतपाल, परमजीत, रमेश कौशिक, व प्रवीण कुमार हाजिर थे।

# प्रोडिजी स्कूल का कार्निवल रहा आकर्षण का केंद्र

## तारे जमीं पर, कार्यक्रम का बच्चों व अभिभावकों ने उठाया लुफ्त



**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** सेक्टर चार स्थित प्रोडिजी स्कूल में बच्चों की प्रतिभा खोज एवं नए प्रवेश के लिए कार्निवल का आयोजन किया गया। तारे जमीं पर, नाम से आयोजित कार्यक्रम में जहाँ बच्चों ने रोबोट व सेल्फी प्वाइंट के साथ-साथ विभिन्न खेलों का आनंद लिया, वहीं नृत्य एवं पेंटिंग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अभिभावकों ने भी बच्चों के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। प्रबंधन समिति ने विजेता बच्चों व अभिभावकों को समानित किया। इस मौके पर नए प्रवेश के लिए पंजीकरण कराने वाले अभिभावकों को 21 हजार रुपये तक की स्कालरशिप के माध्यम से विशेष छूट दी गई।

विद्यालय के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि जैन पबलिक स्कूल की शाखा प्रोडिजी स्कूल में सुबह से ही बच्चों के प्रवेश का पंजीकरण कराने के लिए अभिभावकों का तांता लगा रहा। इस मौके पर कार्निवल में विभिन्न खेलों एवं आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया गया। दो वर्ष से दस वर्ष की उम्र तक के बच्चों के लिए विभिन्न आकर्षण रहे। बच्चों रैंप वॉक, नृत्य, कविता पाठ, फैंसी ड्रेस, एकल नृत्य, रंग भरो प्रतियोगिता, एक मिनट भाषण, कहानी वाचन आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। बच्चों ने साँप-सीढ़ी, रिंग में चीजें डालने समेत अनेक खेलों का आनंद लिया। माता-पिता के साथ बच्चों का नृत्य, मटका दौड़ आदि खेल आकर्षण का केंद्र रहे। उप प्रधानाचार्या विजय गुप्ता ने अभिभावकों को समझाया कि प्रवेश को लेकर उनकी नीति पारदर्शी है। अभिभावकों से कोई शुल्क छिपाया नहीं गया है। प्रबंधन समिति ने विजेताओं को समानित कर उन्हें शुभकामनाएँ दीं। प्रबंधन समिति के प्रधान प्रदीप जैन ने कहा कि स्कूल के भवन एवं गतिविधियों को लेकर अभिभावक खासे उत्साहित हैं। उनके सुझाव पर विभिन्न परिवर्तन किए जा रहे हैं। प्रवेश पंजीकरण को लेकर उत्साह को देखते हुए हम आश्वस्त हैं कि इस स्कूल में अच्छी संया में विद्यार्थी जुडने.वाले हैं। इस मौके उप प्रधान राकेश जैन, सचिव अमित जैन समेत अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# सरकार ने हरियाणा के हर वर्ग को त्रस्त करने का काम किया : डॉ. सुशील गुप्ता

**आम आदमी पार्टी किसानों के हकों में, उनको एमएसपी गारंटी मिलनी चाहिए : प्रदेशाध्यक्ष**

**प्रधानमंत्री मोदी हरियाणा में जुमले देकर चले जाते हैं : डॉ. सुशील गुप्ता**




**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने सोमवार को महेंद्रगढ़ में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से भी बातचीत की। उन्होंने कहा की आम आदमी पार्टी हर जिले में कार्यकर्ता सम्मेलन कर रही है। हर जिले में आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर बैठक की जा रही है। इसको लेकर ही कार्यकर्ताओं से बातचीत की। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का संगठन पूरे प्रदेश के हरेक गांव और वार्ड में है। इसके साथ ब्लॉक, सर्किल, विधानसभा और लोकसभा स्तर पर भी कार्यकर्ताओं की लंबी फौज है। आम आदमी पार्टी व्यवस्था परिवर्तन करने का काम करती है। फ्री शिक्षा, फ्री बिजली, बिना खर्ची और पर्ची के नौकरी देने का काम करती है। वहीं भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में न अच्छी शिक्षा है, न अच्छी चिकित्सा है। न फ्री बिजली है और न फ्री पानी है। न युवाओं के लिए रोजगार है। खट्टर सरकार ने हरियाणा के हर वर्ग को त्रस्त करने का काम किया है। फिर भी सालाना 50 हजार करोड़ रुपए का घाटा है।

प्रदेशाध्यक्ष ने कहा की भ्रष्टाचार के काल अरविंद केजरीवाल हैं। मोदी सरकार आम आदमी पार्टी के डर से उनको गिरफ्तार करना चाहती है, लेकिन आम आदमी पार्टी का जुझारू कार्यकर्ता न डरता है और न झुकता है। आम आदमी पार्टी के दो मंत्री, एक सांसद जेल में हैं, फिर भी आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के हौंसले बुलंद हैं। उन्होंने कहा की हरियाणा में किसान आंदोलन चल रहा है। लगभग तीन साल पहले भी किसान अपनी मांगों को लेकर सवा साल तक सड़कों पर थे। 750 से ज्यादा किसानों की शहादत भी हो गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने उस समय भी कहा था कि एमएसपी की गारंटी लागू करेंगे, लेकिन तीन साल बाद फिर किसान प्रधानमंत्री मोदी को उनका वादा याद दिलाना चाहते हैं। खट्टर सरकार किसानों के ऊपर अत्याचार करने में लगी है। बॉर्डर सील कर दिए गए। इसको लेकर हाईकोर्ट ने भी खट्टर सरकार को फटकार लगाने का काम किया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल किसानों के हक में खड़ी है। दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने किसानों के लिए जेल नहीं बनने दी। वहीं पंजाब के सीएम भगवंत मान का भी किसानों की मांगों को लेकर रुख साफ है। आम आदमी पार्टी किसानों के हकों के लिए उनके साथ खड़ी है। किसानों को एमएसपी गारंटी मिलनी चाहिए।

श्री गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा में जुमले देने आते हैं और जुमले देकर चले जाते हैं। 2014 में एम्स की घोषणा के बाद नींव का पत्थर 2024 में चुनाव से पहले रखा गया है। ऐसे ही प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाणा में बोला था कि भारत का 65 प्रतिशत पानी पाकिस्तान में जाता है, आजतक वो पानी वापस नहीं आया है। उन्होंने कहा की खट्टर सरकार महज घोषणा सरकार बनकर रह गई है। महेंद्रगढ़, नारनौल, अटेली के लोग स्टेडियम के बात करते हैं। आज तक भी स्टेडियम नहीं बना है। लॉजिस्टिक्स पार्क की बात करते हैं, अटेली को उपमंडल बनाने की मांग हर चुनाव में करते हैं। लेकिन खट्टर सरकार महज घोषणा सरकार बनकर रह गई है। खट्टर सरकार नशे के कारोबार को बढ़ावा देना, बेरोजगारों की फौज तैयार करना, महेंद्रगढ़ और नारनौल में एक भी बड़ी इंडस्ट्री नहीं है। युवाओं के रोजगार के लिए कुछ भी सुविधा नहीं है। प्रदेश के युवा दर दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर हैं।

# नारनौल की अग्रणी संस्था नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप ने 2 कन्याओं का किया कन्यादान



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** शहर की अग्रणी संस्था नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप के द्वारा आज बाल वाटिका प्ले स्कूल पुरानी मंडी के प्रांगण में संस्था की मुहिम सुकन्या विवाह के अंतर्गत आज जरूरतमंद परिवार की 2 बेटियो का कन्यादान किया गया। दोनो बहनों की शादी अच्छे से हो सके इसके लिए आज दोनो बहनों को 2 फ्रीज,2 बर्तन सेट,2 ट्रे सेट,2 कुकर,2 प्रेस,2 कप सेट,2 जूसर मिक्सर,2 पैंट शर्ट, 2 अटेची,2 हॉट केस, 2 थर्मस,2 मिल्टन बॉटल, 6 सीनरी, 2 वाटर जग, 2 लेडीज पर्स, 2 डबल बेड कंबल, 2 लहंगा चुनरी, 2 डबल बेड शीट, 2 स्वेटर, कुर्ती सेट, 11 सूट एवम साड़िया,ओर नकद 501 रुपए कन्यादान में दिया गया। आज के इस कन्यादान के संयोजक हिमांशु संघी,पवन यादव एवं एन के हरियाणवी रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी छाजू राम बोहरा ने की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर विकास शर्मा मेडिकल ऑफिसर सिविल हॉसपिटल नारनौल रहे। विशिष्ट अतिथि विनोद राव श्याम प्रेमी, दिनेश भार्गव युवा समाजसेवी तथा ईश्वर सिंह राजपूत वेलनेस कोच और विशेष आमंत्रित अतिथि राकेश यादव चेयरमैन यूएसएसएल अकैडमी रहे।

संस्था के संस्थापक मनीष गोगिया, अनिल शर्मा, डॉ शिव कुमार एवं सभी सदस्य ने आए हुए सभी अतिथियों को पटका पहनाकर एवम स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संस्था के द्वारा निस्वार्थ भाव से किए जा रहे नेक कार्य को देखते हुवे आज डॉ विकास शर्मा और रोटेरियन पवन यादव ने संस्था की सदस्यता ग्रहण की। मनीष गोगिया ने बताया की अप्रैल महीने में संस्था विशाल मेडिकल कैंप का आयोजन करेगी और इस प्रोग्राम में नारनौल के स्लम एरिया टैलेंट के हनी गुप्ता एवं उनकी समस्त टीम को उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के लिय स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर डॉ शिव कुमार, मनीष गोगिया, अनिल शर्मा, मुकेश शर्मा, पवन यादव , राकेश यादव, नीरू मेम, हनी गुप्ता, रिटायर्ड पुलिस अफसर अतर सिंह, विनोद यादव पबलिक हेल्थ, छाजू राम यादव, घनश्याम शर्मा, देव शर्मा, कुणाल शुक्ला, गौरव , ईश्वर राजपूत, विनोद राव, अतर सिंह एवं अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

# नेहरू युवा केंद्र की ओर से मतदान जागरूकता अभियान आयोजित




**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार व उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में नेहरू युवा केंद्र की ओर से राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य मेजर एमआर लांबा ने की। चुनाव कार्यालय से आए जोगेंद्र कुमार तथा कमलेश ने विद्यार्थियों को मतदान से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना तथा उन्हें मतदान के महत्त्व से अवगत कराना है। हम किस प्रकार सरकार द्वारा चलाए गए सी विजिल एप का प्रयोग कर सकते हैं और साथ ही स्वीप एक्टिविटी के बारे में भी बताया गया। जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने बताया कि नेहरू युवा केंद्र द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान पूरे जिले में ब्लॉक स्तर पर चलाया जाएगा ताकि युवा मतदान के प्रति सजग हो सकें। कार्यक्रम के दौरान नए वोटर कार्ड भी बनाए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉक्टर विक्रम गुप्ता, डॉक्टर हीरा सिंह, डॉक्टर सोमवीर, डॉक्टर बलजीत यादव नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक तरुण व लोकेश सहित कॉलेज विद्यार्थी उपस्थित थे।

# हाउसिंग बोर्ड की समस्याओं का निदान न होने पर लोगों ने गांधीगिरी तरीके से किया प्रदर्शन

## घरों की रोशनिया की बंद, गलियों में मोमबत्ती जलाकर जताई नाराजगी



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नसीबपुर के निवासियों ने रविवार देर शाम को अपनी समस्याओं को लेकर गिरीश खेड़ा और अनुपम गौड़ की नेतृत्व में गांधीवादी तरीके से अपने घरों की लाइट बंद कर कॉलोनी की सड़कों पर मोमबत्ती जलाकर पप्रशासन और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कॉलोनी की समस्याओं के निराकरण की मांग लगातार प्रशासन और सरकार के समक्ष रखने के बावजूद समस्या का समाधान न होने पर से क्षुब्द होकर सामाजिक कार्यकर्त्ता गिरीश खेड़ा व अनुपम गौड़ की अगुआई में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निवासियों को आह्वान किया था कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की सड़क, स्ट्रीट लाइट, सीवर और पीने के लिए गंदे पानी की सप्लाई की समस्याओं को लेकर 18 फरवरी को रात सात बजे से आठ बजे तक हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी के सभी निवासी अपने अपने घरों की सारी रोशनी बंद करके,घर के बाहर जलती हुई मोमबत्ती लेकर शासन प्रशासन का गांधीगिरी के साथ विरोध करेंगे। समस्त हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निवासियों ने अपने-अपने घरों की रोशनी बंद करके अपने हकों के लिए आवाज बुलंद की।

विरोध प्रदर्शन करती हुई महिलाओं ने प्रशांत प्रशासन और सरकार के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि पूरी कॉलोनी के निवासियों ने एकता के साथ अपने अपने घरों की बिजली बुझा कर विरोध प्रदर्शन इसलिए किया है ताकि शासन-प्रशासन को दिखा सके कि हाऊसिंग बोर्ड, बिना स्ट्रीट लाईट के भुतहा नगर नजर आता है। उन्होंने अपना दुखड़ा सुनाते हुए कहा कि चार साल हो गए है स्ट्रीट लाईट बन्द हुए जिसकी सुध आज तक नही ली। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के कई भाग की सड़कें टूट चुकी हैं और जब से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थापित हुई तब से इनकी ना तो कभी मरम्मत हुई है और ना ही कभी पुन: बनी है। इन्ही टूटी हुई सड़कों पर रात के अंधियारे में कई बार बच्चे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। महिलाओं ने शिकायत की कि पीने का पानी दो-दो, तीन-तीन बाद वो भी मात्र दस पंद्रह मिनट के लिए ही आता है। कितना ही नहीं कई बार तो जो पीने का पानी आता भी है तो बदबू दार आता है। बहुत से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के वासियों ने कहा कि ना जाने कितनी बार स्थानीय विधायक एवं मंत्री ओमप्रकाश यादव को, नगरपरिषद प्रधान को, उपायुक्त को, पार्षद के सामने इन समस्याओं के समाधान करवाने की गुहार लगाई परंतु सिवाय बहाने और झूठे आश्वासनों के आजतक कुछ नही मिला।

गिरीश खेड़ा और अनुपम गौड़ ने संयुक्त रूप से कहा कि यह विरोध शांति पूर्वक प्रशासन और सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए गांधीगिरी तरीके से था। परंतु हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सभी निवासी गुस्से से भरे हुए हैं। हम सब, दुनिया भर का टैक्स तो भरते है पर बदले में जन सुविधा के नाम पर ठेंगा मिलता है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के वासियों की एकता की आवाज उनके कष्टों की आवाज है जिसे शासन प्रशासन को सुनना ही होगा और यहां की समस्याओं का समाधान शीघ्र अति शीघ्र करना ही होगा। अगर शासन प्रशासन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निवासियों के अधिकारों की आवाज नही सुनता और कोई भी समाधान शीघ्र अति शीघ्र नहीं करता तो यह सिद्ध हो जायेगा कि शासन और प्रशासन सच में जनता के अधिकारों के प्रति संवेदनहीन है और कार्यशैली में बिल्कुल निकम्मा है।

# नागरिक अस्पताल नारनौल में डॉक्टर के साथ हाथापाई, रात 2 बजे इमरजेंसी में हंगामा

## बुलानी पड़ी पुलिस, 2 के खिलाफ मामला दर्ज



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** नागरिक अस्पताल नारनौल में बीती रात (रविवार सोमवार) को करीब 2 बजे अस्पताल में आए मरीजों ने एक डॉक्टर के साथ हाथापाई की। वही एक अन्य स्टाफ सदस्य को थप्पड़ भी मारे। मेडिकल अफसर की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। अभी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस को दी गई शिकायत में मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर कुलदीप ने बताया कि वह नागरिक अस्पताल नारनौल में बीती रात रविवार सोमवार को इमरजेंसी वार्ड में नाइट ड्यूटी पर तैनात था। रात के करीब 2 बजे कैजुअल्टी आई थी। तब वह और उसका स्टाफ मरीजों का इलाज कर रहे थे। उसने बताया कि इसी दौरान शहर के सेक्टर एक निवासी गौरव भी इलाज के लिए आया। एक और व्यक्ति उसके साथ था। उसने स्टाफ के साथ गाली गलौज की व हाथापाई करने लगा। उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई तथा छानबीन में जुट गई। वहीं पुलिस ने मेडिकल अफसर की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ भादस की धारा 186, 332, 353, 506 और 34 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर बच्चों को लेकर जारी किए दिशा निर्देश

**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** भारत निर्वाचन आयोग ने आने वाले लोकसभा के आम चुनाव-2024 के मद्देनजर सभी राजनीतिक दल व उम्मीदवारों के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा निर्देशों के अनुसार कोई भी राजनीतिक दल व उम्मीदवार चुनाव संबंधी गतिविधियों में बच्चों का उपयोग नहीं कर सकेंगे। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि राजनीतिक दलों को सलाह दी गई है कि वे किसी भी रूप में चुनाव अभियानों में बच्चों का उपयोग न करें।

बच्चों का उपयोग पोस्टर/पैम्पलेट का वितरण या नारेबाजी, अभियान रैलियों, चुनाव बैठकों आदि में करना गलत है। उन्होंने बताया कि किसी भी तरीके से राजनीतिक अभियान के लिए बच्चों का उपयोग नहीं किया जा सकता। बच्चों से कविता, गीत, बोले गए शब्दों के माध्यम से उपयोग, राजनीतिक दल व उम्मीदवार के प्रतीक चिन्ह का प्रदर्शन, राजनीतिक दल की विचारधारा का प्रदर्शन व किसी की उपलबधियों को बढ़ावा देना गलत है। डीसी ने स्पष्ट किया कि किसी राजनीतिक नेता के निकट अपने माता-पिता या अभिभावक के साथ एक बच्चे की उपस्थिति और जो राजनीतिक दल द्वारा किसी भी चुनाव प्रचार गतिविधि में शामिल नहीं है, उसे दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को बाल श्रम (निषेध और विनियमन) की कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में आयोग द्वारा जारी किए गए सभी दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाएगा।

# कार ने बाइक को मारी टक्कर, बाइक सवार ने जयपुर अस्पताल में तोड़ा दम



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** निजामपुर थाना अंतर्गत आने वाले गांव नंगल दर्गू के पास बाइक और कार की टक्कर में बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए राजस्थान कोटपूतली के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने घायल व्यक्ति के बयान पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। यह हादसा रविवार की दोपहर बाद हुआ। पुलिस को दी गई शिकायत में राजस्थान के डीडवाना जिले के रहने वाले बंसीलाल ने बताया कि वह गाड़ियों की रिपेयरिंग करता है और नांगल दर्गू के दिनेश के साथ एक दुकान कर रखी है। गत दिवस बंसीलाल और दिनेश नांगल चौधरी रोड में एक दुकान से गाड़ी का सामान लेने के लिए आए थे। सामान नहीं मिला तो वह दोनों बाइक पर सवार होकर वापस लौट रहे थे, कि उन्होंने कट क्रॉस के पास सड़क पार कर रहे थे। तभी सफेद रंग की एक कार का चालक बड़ी तेजी से आया तथा उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बंसीलाल तथा दिनेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को इलाज के लिए नांगल चौधरी के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर दोनों को रेफर कर दिया। उसके परिजन उसे कोटपूतली के निजी अस्पताल में ले गए जबकि दिनेश को जयपुर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने दिनेश को मृत घोषित कर दिया। बंसीलाल की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़कों पर सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है सड़क सुरक्षा समिति : उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा

**उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक**

**सड़क किनारे बने स्कूलों के सामने बनाए जाएं स्पीड ब्रेकर**

**कहा, जिला में ओवर लोडिंग व अवैध माइनिंग जैसी गतिविधियां नहीं चलने दी जाएंगी**




**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति व खनन गतिविधियों की समीक्षा बैठक हुई, जिसमें सड़क सुरक्षा संबंधी पहलुओं पर विभिन्न विभागों को जरूरी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। समिति ने स्थानीय सड़क मार्गों पर सुरक्षा व ट्राफिक नियमों की अनुपालना करने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विचार किया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिला में ओवर लोडिंग व अवैध माइनिंग जैसी गतिविधियां नहीं चलने दी जाएंगी। जिला सड़क सुरक्षा समिति जनमानस को सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करने और सड़कों पर सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सड़कों पर सुरक्षित यातायात के लिए संबंधित विभाग जरूरी कार्यवाही करे। उन्होंने सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत सड़क के साथ लगते स्कूलों के सामने स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश भी दिए ताकि विद्यार्थियों को स्कूल प्रवेश या बाहर आते समय यातायात संबंधी कोई भी समस्या ना हो। राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित एंबुलेंस मौजूद हो और उसकी लोकेशन नजदीकी थानों व अस्पतालों से भी होनी चाहिए। सड़कों व चौराहों पर स्थित सभी ट्रैफिक लाइटें चालू रहनी चाहिएं। सीसीटीवी कैमरों की एक जगह कनेक्टिविटी करते हुए एक बड़ा कंट्रोल रूम तैयार करवाया जाए, जहां से पूरे शहर व सड़कों पर स्थित कैमरे की कनेक्टिविटी रहे। सड़कों पर स्थित अवैध कटों को बंद किया जाए तथा स्कूलों के सामने सड़क पर जहां संभव हो, वहां पर ब्रेकर जरूर बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि तावडू बाईपास पर चौक खराब स्थिति में है, इसे हटाकर वहां पर ट्रैफिक लाइट लगाई जाए। केएमपी पर टूटी ग्रिल ठीक करवाई जाएं, जहां पर रोड खराब हैं, वहां उसे ठीक करवाया जाए तथा इस पर लाइटें भी चालू रखी जाएं।

उपायुक्त ने कहा कि गत दिनों आरटीए ने ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वाले व ओवर लोडिंग वाहनों के 175 चालान किए गए और उन पर 6 लाख 17 हजार 700 रुपए का जुर्माना किया। उन्होंने कहा कि इन चालानों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि लोग यातायात नियमों की अनुपालना शुरू कर दें। उपायुक्त ने क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण व पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि वाहनों पर ट्राई एंगल में रिफलेक्टर टेप लगाई जाएं, ताकि रात्रि समय में वाहनों को दूर से देखना संभव हो सके। इसके लिए पूरा जिला में अभियान चलाया जाए तथा रिकशा, रेहड़ी, ट्रैक्टर-ट्राली, बड़े वाहन सहित अधिक से अधिक वाहनों को कवर किया जाए। यह सुरक्षा की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि राज्य व नेशनल हाइवे पर अतिक्रमण को तुरंत हटवाया जाए।

# नौ मार्च को शहीद हसन खां मेवाती बलिदान दिवस पर माननीय मुख्यमंत्री का होगा भव्य सम्मान समारोह : चौधरी जाहिद हुसैन

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शाहिद हसन का मेवाती की याद में आगामी 9 मार्च को जिले की राजधानी कहीं जाने वाली बडकली चौक पर होने जा रहे बलिदान दिवस सम्मान समारोह कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आज चौधरी जाहिद हुसैन चैयरमेन ने नगीना बड़कली कुलढेरा इत्यादि गांवों में जाकर कार्यक्रम में पहुंचने का न्योता दिया। चौधरी जाहिद हुसैन ने बताया शाहिद हसन का मेवाती बलिदान दिवस पर बढ़कली चौक पर माननीय हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का सम्मान समारोह किया जाएगा उन्होंने कहा देश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने हसन का मेवाती को शाहिद का दर्जा दिया और शहीदी दिवस मनाने का फैसला लिया । शहीद हसन खां मेवाती के नाम पर कई बड़ी-बड़ी घोषणाएं भी की जाएगी । यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल को मेवात से काफी लगाव है और मेवात यशस्वी मुख्यमंत्री हमेशा मेवात के लिए विकास के बारे में सोचते रहते हैं उन्हीं की सोच की वजह से आज मेवात में हजारों नौजवान बच्चों को अपना पर्ची बिना खर्ची के नौकरी मिली है। शिक्षा के क्षेत्र में भी गई कॉलेज और काफी संख्या में स्कूल अपग्रेडेशन किए गए हैं नहरो में पहली बार टेल तक पानी पहुंचा है गरीबों को सरकारी योजनाओं का लाभ का पैसा सीधा गरीब के खातों में गया है क्षेत्रवासियों से अनुरोध है कि नौ मार्च को बलिदान दिवस पर भारी संख्या में शामिल होकर माननीय मुख्यमंत्री का शुक्रिया अदा करे। इस मौके पर सोराब नगीना हारून कुलढेरा, अजीत सिंह दिहाना,बसीर अहमद, हाजी युनुस, हाजी आंसु,कमाल, जाकिर हुसैन, ईमरान एडवोकेट, सलीम अहमद, बल्ली, बुरहान आदि मौजूद रहे।



## अवैध क्रेशरों पर रोक लगायें : डीसी

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई । बैठक में उपायुक्त ने अवैध रूप से संचालित आरएमसी क्रेशरों व स्टोन क्रेशरों पर लगाम लगाने का निर्देश दिया । उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी हाल में अवैध क्रशरों का संचालन न हो और अवैध भंडारण पर रोक लगाने का भी निर्देश दिया। डीसी ने अधिकारियों से कहा कि जिले में संचालित अवैध क्रशर को चिह्नित कर सील करें । इसके लिए प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय पदाधिकारी के नेतृत्व में जिला टास्क फोर्स की टीम सप्ताह में एक दिन औचक निरीक्षण कर अवैध क्रशरों को सील करने की कार्रवाई करे । अवैध रूप से पत्थर भंडारण को जब्त कर उस पर प्राथमिकी दर्ज करें । इस अवसर पर एसडीएम फिरोजपुर झिरका डा. चिनार चहल, एसडीएम तावडू संजीव कुमार, आरटीए सचिव मनीष सहगल , डीएमसी रणबीर सिंह , जिला वन अधिकारी बिजेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# नूहँ में पार्टी को मिल रहीं हैं मजबूती, अनेक परिवार हुए जेजेपी में शामिल



**बूथ योद्धा गाँव चलो सदस्यता अभियान से जेजेपी नूहँ में होगी और मज़बूत: नासिर हुसैन अड़बर**

**नूंह में सदस्यता अभियान के तहत दुष्यंत चौटाला की चार साल की उपलब्धियों को ग्रामीणों को बताया**

**मिशन दुष्यंत 2024 के लिए कायकर्ताओं ने कसी कमर**

**सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूंह जिला से जेजेपी के नेता व जिला प्रवक्ता नासिर हुसैन बदरूद्दीन अड़बर ने मिशन दुष्यंत 2024 के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरने का कार्य किया तथा मिशन दुष्यंत 2024 में जुट जाने का आह्वान करते हुए नासिर हुसैन बदरुद्दीन ने गांव अडबर में सभी कार्यकर्ताओं व जेजेपी नेतागण से आह्वान किया कि सभी एक सुर में पार्टी को मज़बूत करने का काम करे क्योंकि कार्यकर्ता ही किसी भी राजनैतिक पार्टी की रीड की हड्डी होते हैं। नूहँ विधानसभा क्षेत्र के बूथों 104,105,106 व 107 पर अनेक लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराईं। नासिर हुसैन बदरूद्दीन अड़बर के सम्मान में जलपान कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। सदस्यता अभियान के अलावा अड़बर हाउस नूहँ पहुँचकर भी दयाचन्द घासेडा, अल्ली मोहम्मद घासेडा, यूनुस सलबा ,सहनाज घासेडा जेजेपी पार्टी मे शामिल कराया हुए। जहां इनको नासिर हुसैन बदरूद्दीन अड़बर के नेतृत्व में पार्टी का पटका पहनाया गया और पार्टी में उनको पूरा मान-सम्मान देने की बात भी की गई। इस मौक़े प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी सिराजूद्दीन, प्रदेश महासचिव शहाबुद्दीन घासेडा, युवा हल्का अध्यक्ष जावेद खान, जिला उपाध्यक्ष आफ़ताब अहमद, उमर मोहम्मद, आज़ाद भूदर, सहाबूद्दीन इत्यादि मौजूद रहे।

# एम्स शिलान्यास होने की खुशी में एम्स संघर्ष समिति के योद्धाओं ने साढ़े 5 साल बाद करवाया मुंडन

**एम्स के शिलान्यास होने तक की प्रतिज्ञा के चलते बढ़ा रखे थे केश व दाड़ी।**

**एम्स की खुशी में जमकर खेली गुलाल से होली**

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** एम्स संघर्ष समिति के तत्वाधान में देशराज व ओमप्रकाश सैन की दाढ़ी मुंडन के बाद एम्स संघर्ष समिति ने एम्स निर्माण आंदोलन को स्थगित कर दिया, परन्तु ओपीडी एवम एमबीबीएस की क्लास चालू करवाने के लिए आवाज बुलन्द रखने का फैसला लिया। 3 मार्च रविवार को मनेठी उप तहसील में बैठक आयोजित की जाएगी और ओपीडी व एमबीबीएस की क्लास के बारे आंदोलन की रूप रेखा बनायी जाएगी। माजरा के लोगो ने भी आज काफी संख्या के प्रधान जगदीश व सरपंच रविंद्र हाथी के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया और नारा दिया हम सब एक है। पंचायत की अध्यक्षता समिति के प्रधान स्योताज सिंह ने की। संचालन कार्यकारी अध्यक्ष बाबू कैलाश चंद ने किया । समिति के प्रवक्ता कामरेड राजेन्द्र सिंह अधिवक्ता ने एम्स संघर्ष समिति के आवाहन पर जनता दुवारा चलाए गए शानदार आंदोलन के इतिहास को रखा। जन पंचायत ने एम्स संघर्ष निर्माण का श्रेय केवल जनता को दिया और जन प्रतिनिधियों की एम्स बारे उदासीनता की भी कड़े शब्दों में निंदा की गई। जन प्रतिनिधियों को चुनावी फसल काटने में माहिर करार दिया।

एम्स संघर्ष समिति के प्रवक्ता कामरेड राजेन्द्र सिंह एवम भूत पूर्व सैनिकों, अहीर रेजिमेंट के सदस्यों की गिरफ्तारी की सख्त भर्त्सना की और इसे इस इलाके की जनता का अपमान करार दिया। एम्स संघर्ष समिति ने जनता के नाम एक लिखित अपील जारी करते हुए, जनता का आभार जताया और जन प्रतिनिधियों से सवाल पूछे कि 2015 से शिलान्यास तक अपनी भूमिका क्या रही? एम्स संघर्ष समिति ने एम्स आंदोलन आंदोलन में शुरू से महिलाओं की भागीदारी की सराहना। जन पंचायत में मूलचंद आर्य, बीडी यादव, अमर सिंह राजपुरा, मास्टर लक्ष्मण सिंह, रोशन लाल अहरिधिया, सत्यप्रकाश गोयल, डॉक्टर एच डी यादव, मास्टर दयाराम, श्याम सुंदर सबरवाल, मंजीत अहीर रेजिमेंट, इंदर मोहन सरपंच, सूबेदार दिलबाग सिंह, पंडित जगदीश शर्मा छाजूराम, नरेंद्र शास्त्री व तुलाराम इत्यादि ने विचार रखे। दाडी मुंडन बाद देसराज और ओमप्रकाश सैन को एम्स संघर्ष समिति उनके घर छोड़ कर आई। माजरा, गोठड़ा व मनेठी के लोगो ने अपने अपने गांव में एम्स संघर्ष समिति का स्वागत किया। संघर्ष समिति सदस्यों ने एक दूसरे के गुलाल लगाकर खुशी जाहिर किया। संघर्ष समिति ने देसराज , ओमप्रकाश सैन, प्रधान स्योताज सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश चंद, प्रवक्ता कामरेड राजेन्द्र सिंह अधिवक्ता को पगड़ी बांधकर सम्मान किया।

# साहित्यकार गोपाल वशिष्ठ को दिल्ली में मिला समान

## स्वरचित मौलिक रचना को अमृत कुंभ समान के लिए समानित किया

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के महामंत्री एवं जैन पबलिक स्कूल के हिंदी विभागाध्यक्ष रंगकर्मी साहित्यकार गोपाल वसिष्ठ को स्वरचित रचना के लिए अमृत-कुंभ से अलंकृत किया गया। दिल्ली स्थित ऑडिटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन, नई दिल्ली की ओर से रविवार, 18 फरवरी को आयोजित कार्यक्रम में उन्हें रचनाधर्मिता एवं मंच संचालन के लिए अलंकृत किया। प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ तथा असम, मिजोरम, नागालैंड एवं अंडमान निकोबार के निवर्तमान राज्यपाल प्रो. जगदीश मुखी ने उनके संचालन एवं हिंदी सेवा की सराहना की। कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रांतों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उनकी इस उपलबधि पर विभिन्न संगठनों ने बधाई प्रेषित की। फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश वत्स ने बताया कि स्वरचित रचना के लिए दिए जाने वाले अमृत- कुंभ समान के लिए गुजरात से आसाम तथा तेलंगाना से जमू तक देश के विभिन्न प्रांतों से 3500 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई थी। हिंदी विद्वानों के प्रतिनिधि मंडल ने श्रेष्ठ रचनाओं को कसौटी पर खरा पाया। अंतिम चरण में करीब 50 रचनाएँ शामिल की गई। गोपाल वसिष्ठ की रचना उल्लेखनीय रही। मौलिक रचना के साथ-साथ सीडी देशमुख आडिटोरियम में आयोजित अलंकरण समारोह में उनके कुशल मंच संचालन से फाउंडेशन गौरवान्वित हुई है। मुख्य अतिथि प्रो, जगदीश मुखी ने कहा कि हिंदी आत्मा की भाषा है। इसे उच्च मुकाम तक पहुँचाने में मीडिया, हिंदी फिल्मों के साथ-साथ कर्मठ शिक्षकों का योगदान महत्वपूर्ण है। हिंदी की वैश्विक पहचान के लिए पूर्व प्रधान अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का योगदान अतुलनीय है। हिंदी भविष्य की भाषा है और देश के सांस्कृतिक उत्थान के लिए इसका उत्थान आवश्यक है। कार्यक्रम में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड, बिहार, छत्तीस गढ़, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, जमू, चंडीगढ़ आदि के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।





# सांसद द्वारा गोद लिए खरखड़ा गांव में 4 साल से अधूरी है मांग : खरखड़ा

## विलेज डेवलपमेंट प्लान के तहत होने थे कार्य

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिले के गाँव खरखडा को सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत वर्ष 2020 मे केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह द्वारा गोद लिया गया था, लेकिन 4 साल बीतने के बाद भी सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत कोई भी कार्य धरातल पर नजर नही आया है। अब कुछ महीनों बाद वर्ष 2024 मे लोकसभा चुनावों होने है ऐसे मे गोद लिए गाँव की कुछ महत्वपूर्ण मांगो को गाँव खरखडा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता व एक उम्मीद फाउंडेशन के डायरेक्टर प्रकाश यादव द्वारा वर्ष 2021 मे पत्र के माध्यम से सांसद राव इंद्रजीत सिंह को भेजा था, जिसके जवाब मे उनके कार्यालय से जिला उपायुक्त रेवाड़ी को पत्र भेजकर सभी मांगों को विलेज डेवलपमेंट प्लान के तहत पूरा करने के लिए लिखा गया था, लेकिन उसके बावजूद अभी तक किसी भी मांग पर कार्य शुरू नहीं हुआ है धरातल पर गाँव में सांसद से की गई एक भी मांगों को पूरा नही किया गया है। अब प्रकाश यादव ने एक बार फिर सोमवार प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी व सांसद आदर्श ग्राम योजना के प्रभारी केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह व हरियाणा के पंचायत विभाग के एसीएस अनिल मलिक व सांसद राव इंद्रजीत सिंह को पत्र लिखकर उन सभी मांगों को दोहराया है और जल्द ही गाँव के डेवलोपमेन्ट के लिए जरूरी कार्यों को शुरू करने के साथ ही गांव को आदर्श ग्राम वाली सभी सुविधाओं को पूरा किए जाने की अपील की है।



ब्रह्म दत्त
BRAHM DUTT

निजी सचिव
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय तथा
राज्य मंत्री कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय
भारत सरकार

Private Secretary to
Minister of State (Independent Charge) of the
Ministry of Statistics and Programme Implementation;
MOS (I/C) of the Ministry of Planning and
MOS in the Ministry of Corporate Affairs
Government of India

पत्र सं. 676 /नि.स.(सां. और कार्य.)/2021
9 सितम्बर, 2021

कृपया संलग्न पत्र श्री प्रकाश यादव पुत्र श्री फतेह सिंह, निवासी- गांव व पोस्ट-खरखड़ा, जिला रेवाड़ी, हरियाणा का संदर्भ लें। प्रार्थी श्री प्रकाश यादव ने संलग्न पत्र के माध्यम से ग्राम खरखड़ा के मूलभूत असुविधाओं, समस्याओं एवं अभाव से अवगत कराया है और गांव खरखड़ा में विभिन्न मूलभूत सुविधाएं देने व विकास कार्य शीघ्र कराने हेतु अनुरोध किया है।

गांव खरखड़ा में सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत ग्राम विकास योजना (Village Development Plan) बनाते समय उपरोक्त विषयों को यथासम्भव सम्मिलित करने का प्रयास करें।

शुभ इच्छाओं सहित,

आपका,
हस्ता/-
(ब्रह्म दत्त)

श्री यशेंद्र सिंह
उपायुक्त, रेवाड़ी
सचिवालय, रेवाड़ी
हरियाणा

प्रतिलिपि: श्री प्रकाश यादव पुत्र श्री फतेह सिंह, निवासी- गांव व पोस्ट-खरखड़ा, जिला रेवाड़ी, हरियाणा।

(ब्रह्म दत्त)

सांसद राव इंद्रजीत सिंह को भेजे पत्र में प्रकाश यादव ने लिखा की सांसद आदर्श ग्राम योजना के द्वितीय चरण वर्ष 2020 मे आपके द्वारा हमारा गांव खरखड़ा को गोद लिया था, जिस योजना का मुख्य उद्देश्य गांव को आदर्श बनाना है, ताकि गांव में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं देने के साथ गांव का सम्पूर्ण विकास हो सके। इसको लेकर आपको गाँव की प्रमुख समस्याओं व जरूरतो को लेकर आपको कई बार पत्र लिखे गए और आपके कार्यालय से वर्ष 2021 मे जिला उपायुक्त के नाम पत्र जारी कर विलेज डेवलपमेंट प्लान के तहत मांगी गई मांगो को शामिल किये जाने के आदेश जारी किए गए थे,लेकिन 3 वर्ष बीतने के बाद भी अभी तक धरातल पर कोई कार्य शुरू नही हुए है,अब वर्ष 2024 मे लोकसभा चुनाव होने है और इसी के चलते अगर ये कार्य समय पर शुरू नहीं हुए तो इनके अधर मे लटकने की संभावना बन जाएगी। श्री खरखड़ा ने श्री राव से अनुरोध किया कि आपको भेजी गई मांगो को जल्द ही पूरा कराने का कष्ट करें ताकि गाँव खरखडा को आदर्श गाँव बनाया जा सके।

# चंडीगढ़ में अधिवक्ता पर हुए हमले के विरोध में अधिवक्ताओं ने रखा वर्क सस्पेंड

**सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने हाई कोर्ट चंडीगढ़ बार एसोसिएशन के आह्वान पर सोमवार को कार्यस्थगित रखा। यह कार्य स्थगन चंडीगढ़ बार एसोसिएशन के एक अधिवक्ता साथी के साथ दुर्व्यवहार एवं जानलेवा हमला करने के विरोध में किया गया था। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान विश्वामित्र यादव ने बताया कि बार एसोसिएशन चंडीगढ़ के आह्वान पर सोमवार को कोई भी अधिवक्ता अदालत में पेश नहीं हुआ। यह विरोध चंडीगढ़ के एक अधिवक्ता साथी के साथ मारपीट करने व जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को पकड़ने की मांग को लेकर किया गया था। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान ने कहा कि वकीलों की एकता के लिए सोमवार को एकदिवसीय कार्य स्थगित किया गया है। इस अवसर पर अधिवक्ताओं के अदालत में पेश होने पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाई गई थी। अधिवक्ताओं ने कोर्ट के मुख्य प्रवेश द्वार पर बैठकर अपना विरोध व्यक्त किया और अधिवक्ताओं ने एकता का नारा देते हुए किसी भी अधिवक्ता को कोर्ट की कार्रवाई में शामिल ना होने की अपील भी की। इस मौके पर प्रधान विश्वामित्र यादव, उपाध्यक्ष सुरेंद्र पाल व कोषाध्यक्ष विवेक यादव सहित अधिवक्ता पवन शर्मा, अनिल कुमार अत्री, रवि दत्त कौशिक, सुभाष खुराना सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।



सिटी 24 न्यूज TITLE CODE HARHIN11569 सिटी 24 न्यूज की संपादक रवीना यादव द्वारा सी-118, विपुल प्लाजा, सेक्टर-78 फरीदाबाद, हरियाणा से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं न्यूज पोर्टल के लिए ई-पेपर को प्रसारित किया है। ई-पेपर में शामिल लेखों, विचारों एंव समाचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है अपितु लेखक ही जिम्मेदार होगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का निपटारा केवल फरीदाबाद न्यायालय में ही मान्य होगा। संपर्क: 9818180269, ईमेल : city24newsroom@gmail.com

# कांवी के किसान ने नौकरीपेशा बेटे की दहेज रहित शादी रचा पेश की मिसाल



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** गांव कांवी में एक किसान ने अपने हरियाणा पुलिस में कांस्टेबल लगे अपने बेटे की दहेज रहित शादी रचाकर समाज के सम्मुख अनुकरणीय मिसाल पेश की है। जब नौकरीपेशा बेटों के दहेज में इसी जिला में क्रेटा जैसी महंगी गाड़ी मांगी जा रही है, वहीं कांवी में किसान ने अपने बेटे की दहेज रहित शादी करवाई है। इस शादी की प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने भी दिल खोलकर प्रशंसा की है और दूल्हे को आशीर्वाद देने के साथ ही उनके माता-पिता के निर्णय को समाज के लिए प्रेरणा बताया है।

जानकारी मुताबिक गांव कांवी निवासी किसान लालचंद उर्फ कालू ने अपने बेटे कृष्ण का रिश्ता नंगला रूद्ध निवासी रितिका से किया हुआ था। कृष्ण हरियाणा पुलिस में कांस्टेबल लगा हुआ है। जब शादी की बात आई तो किसान लालचंद ने दहेज न लेने की ससुराल पक्ष के सम्मुख शर्त रख दी। इस पर काफी विचार-विमर्श हुआ और ग्रामीणों ने उनके इस निर्णय को खूब सराहनीय एवं प्रेरक बताया। शादी में केवल दो अंगूठी, एक रुपया, पांच बर्तन एवं प्लास्टिक के तारों से बनी चारपाई ही शादी की रस्म के तौर पर लिए गए हैं। लग्न समारोह में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने शिरकत करते हुए दहेज रहित शादी रचाना अपने आपमें बहुत बड़ी मिसाल है। अन्य युवाओं को भी इससे प्रेरणा मिलेगी।

उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि शादी दो दिलों का मिलन होती है और युवाओं को दहेज रहित शादी को आगे बढ़ाते हुए समाज में आदर्श स्थापित करने चाहिए। गत 16 फरवरी को लग्न समारोह हुआ, जबकि 18 फरवरी की रात्रि को यह शादी धूमधाम से संपन्न हुई। इस मौके पर लड़के के ताऊ रामनिवास, एडवोकेट आशीष राव, एडवोकेट रजत आर्य, रामसिंह नंबरदार एवं कंवर सिंह समेत अनेक गणमान्य लोग एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# शाम से पश्चिमी विक्षोभ का असर पंजाब से सटे जिलों पर देखने को मिलेगा

**21 फरवरी को हरियाणा एनसीआर दिल्ली के उत्तरी और पूर्वी जिलों पर हल्की बारिश की संभावना**




**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** हरियाणा एनसीआर दिल्ली में लगातार मौसम में बदलाव और दिन व रात के तापमान में दो गुना अन्तर बना हुआ है। साथ ही सुबह से ही सम्पूर्ण इलाके में 20-25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही है। आज शाम से पश्चिमी विक्षोभ का असर पंजाब से सटे जिलों पर देखने को मिलेगा।

मौसम विशेषज्ञ डॉ चंद्र मोहन ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से सम्पूर्ण इलाके में मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। सम्पूर्ण इलाके पर सुबह से ही 20-25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सतही हवाएं चल रही है। एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज पश्चिमी पाकिस्तान क्षेत्र के ऊपर एक प्रेरित परिसंचरण तंत्र बना हुआ है। जों आज शाम तक पंजाब और उत्तरी राजस्थान पर पहुंचने की संभावना है। इसके प्रभाव से आज 19 फरवरी से 20 फरवरी के दौरान पंजाब से सटे हरियाणा के जिलों सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, कैथल, जींद, करनाल, पानीपत, अंबाला, यमुनानगर, पंचकूला व कुरुक्षेत्र जिलों में हल्की से मध्यम बारिश और 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज गति की हवाएं चलने और कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ ओलावृष्टि की गतिविधियों की संभावना बन रही है।

21 फरवरी को हरियाणा एनसीआर दिल्ली के उत्तरी और पूर्वी जिलों पर हल्की बारिश बूंदा-बांदी की संभावना बन रही है। जबकि हरियाणा के शेष पश्चिमी और दक्षिणी जिलों में इस मौसम प्रणाली का कोई विशेष असर नहीं पड़ेगा। इस दौरान केवल सीमित स्थानों पर केवल बिखराव वाली छिटपुट बूंदा-बांदी हीं देखने को मिलेगी। साथ ही इन इलाकों पर तेज़ गति की हवाएं चलने की संभावना भी है। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में लगातार दिन और रात के तापमान उछाल देखने को मिल रहा है।

सम्पूर्ण इलाके में दिन और रात के तापमान में दुगुने से ज्यादा अन्तर बने हुए हैं जो सभी जीवों विशेषकर मानव जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। सम्पूर्ण इलाके में लगातार मौसमी बुखार के( वायरल फीवर) के मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है। आज हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान 10.0 डिग्री सेलसियस से 15.0 डिग्री सेलसियस के बीच दर्ज किया गया है। साथ ही साथ सम्पूर्ण इलाके में दिन के तापमान 23.0 डिग्री सेलसियस से 30.0 डिग्री सेलसियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं।

जिला महेंद्रगढ़ में नारनौल और महेंद्रगढ़ का रात्रि तापमान क्रमश 12.0 डिग्री सेलसियस और 10.2 डिग्री सेलसियस के बीच दर्ज किया गया है। जबकि जिला महेंद्रगढ़ में नारनौल और महेंद्रगढ़ के दिन के तापमान 29.0 से 30.0 डिग्री सेलसियस के बीच बने हुए हैं। दिन में तेज़ धूप खिली रहने से आमजन को गर्मी का अहसास हुआ जबकि सुबह के धंटो के दौरान गुलाबी मीठी ठंड अपने रंग दिखा रहीं थी। आज जिला महेंद्रगढ़ में सुबह से 20-25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चलने से सम्पूर्ण इलाके में धुल उड़ती दिखाई दीं। साथ ही साथ वृक्षों के पत्ते भी भी गिरते नजर आ रहे थे।

# राम कथा के तीसरे दिन श्रीराम जन्म का सुंदर व्याख्यान



**सिटी 24 न्यूज/अशोक कौशिक**

**नारनौल।** सीताराम शिव मंदिर नई मंडी में हो रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन आज काशी प्रयागराज से पधारे व्यास गद्दी आसीन परम पूज्य पंडित ओम प्रकाश शास्त्री ने श्री रामचरितमानस आधारित राम कथा के कथा वाचन से पूर्व मुख्य यजमान रामजीलाल मित्तल एवं राजरानी मित्तल से पूजन करवा एवं गणेश वंदना के साथ-साथ रामचरितमानस का पूजन करवाया। श्री महाराज ने आज राम जन्म के बारे में बहुत ही सुंदर व्याख्यान करते हुए बताया कि शंकर भगवान माता पार्वती से कहते हैं कि जो व्यक्ति माता से पिता से सेवा करवाता है वह राक्षस समान होता है। अत: माता-पिता की सेवा उसके पुत्र का कर्तव्य होता है एवं बहू का कर्तव्य होता है की वह अपने सास ससुर की सेवा करें। उन्होंने अपने संबोधन में कहा जब राजा भरत ने यह समझा कि रामचंद्र जी को कैकई माता ने वनवास दिलाया है तो उन्होंने माता को रानी कहकर संबोधन करना शुरू कर दिया। तब रामचंद्र भगवान ने कहा कि इसमें कैकई माता का कोई दोष नहीं है। यह सब विधि का विधान है। जो माता-पिता के साथ जैसा व्यवहार करते हैं उनकी संतान भी वैसा ही व्यवहार करेंगे।

# उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा एवं सुचारु बिजली आपूर्ति हो : पीसी मीणा

## डीएचबीवीएन गुरुग्राम ऑपरेशन सर्कल के अधिकारियों को दिए सुधार के निर्देश



**सिटी 24 न्यूज**

**गुरुग्राम।** प्रबंध निदेशक पीसी मीणा ने आज दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम कार्यालय में गुरुग्राम सर्कल के सभी डिवीजन, सबडिवीजन अधिकारियों की बैठक ली। इसमें बिजली निगम के पैरामीटर के अनुसार कार्य करने और उपभोक्ता हित में करवाए जा रहे सभी विकास कार्यों बारे विवरण दिया गया। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा एवं सुचारु बिजली आपूर्ति करने के लिए करवाए जा रहे सभी विकास कार्यों का जायजा लिया। गुरुग्राम ऑपरेशन के दोनों सर्कल की ऑपरेशनल रिव्यू बैठक (ओआरसी) के दौरान सिलसिले वार सभी बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए अधिकारियों की कार्य प्रगति का आंकलन किया। उन्होंने जनवरी 2024 तक बैंक में प्रेषण निर्धारित और प्राप्त राजस्व लक्ष्य की स्थिति व उसके अंतराल के कारण, पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में एटीएंडसी एवं वितरण हानि और दक्षता की स्थिति, डिफ़ॉल्ट राशि एवं बकाया की स्थिति, एलआरपी (शहरी फीडर) की स्थिति व उसके नुकसान, म्हारा गांव जगमग गांव योजना की स्थिति और प्रगति, आरडीएस फीडर तथा लॉस में चल रहे फीडर पर चोरी का पता लगाने की स्थिति का भी जायजा लिया।

प्रबंध निदेशक पीसी मीणा ने कहा कि टीएंडडी लॉस से उपभोक्ता वर्ग को भी नुकसान होता है। उन्होंने संग्रह दक्षता, श्रेणी के अनुसार ठीक बिलिंग, एलटी व एचटी अपवाद का निपटान, शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में चरण बद्ध तरीके से खराब मीटरों को बदलना, फॉल्टी मीटर से ओके करना, एलटी और एचटी बिलिंग और अपवाद कटौती के संबंध में एमएंडपी के कार्यों आदि की समीक्षा की। प्रबंध निदेशक ने मौजूदा वित्त वर्ष में डीएचबीवीएन के लाइन लॉस, वितरण सहित एटीएंडसी लॉस, काटे जा चुके और जुड़े हुए कनेक्शनो की राशि वसूली एवं संग्रह क्षमता आदि की समीक्षा करते हुए इसमें सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित सर्कल की पिछली ओआरसी बैठक की तुलना में सभी उपमंडल, मंडल और सर्कल स्तर पर स्थिति में ओर बेहतरी करने के निर्देश दिए। खराब प्रदर्शन के कारण उपमंडल अधिकारी भोड़ा कलां को चार्जशीट किया गया। उपमंडल अधिकारी फर्रुखनगर व बादशाह पुर के कार्यों पर अप्रसन्नता जाहिर की गई। बैठक में डीएचबीवीएन के निदेशक सुरेश कुमार बंसल, चीफ इंजीनियर विनीता सिंह, वी के अग्रवाल, एसई सीबीओ कृष्ण स्वरूप, एसई कमर्शियल व मॉनिटरिंग एसके सिंह, एसई एमएंडपी जयदीप फोगाट, एसई गुरुग्राम एक श्यामबीर सैनी, एसई गुरुग्राम दो पी के चौहान, कार्यकारी अभियंता मॉनिटरिंग प्रदीप ढुल, सीबीओ के एचएस जाखड़, लेखा अधिकारी पवन शर्मा सहित गुरुग्राम सर्कल के सभी कार्यकारी अभियंता एवं उपमंडल अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# आयकर कार्यालय के बाहर कांग्रेसियों का प्रदर्शन




**कांग्रेसी बोले- खुद खाऊंगा किसी को जीने नहीं दूंगा की नीतियां अपना रही भाजपा**

**आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस पार्टी का अकाउंट फ्रीज करने का विरोध जता रहे हैं कांग्रेसी**

**सिटी 24 न्यूज**

**गुड़गांव।** आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस के बैंक अकाउंट फ्रीज किए जाने के विरोध में गुरुग्राम कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर आयकर विभाग कार्यालय के बाहर जमकर प्रदर्शन किया।

इस मौके पर कांग्रेस के नव नियुक्त सह जिला प्रभारी राजा राम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पंकज डावर, पूर्व प्रत्याशी सुधीर चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुलराज कटारिया, युवा नेता वर्धन यादव, वरिष्ठ नेता मुकेश शर्मा, कांग्रेस नेत्री पर्ल चौधरी पटौदी, बार एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष चौ. संतोख सिंह,महिला जिलाध्यक्ष निर्मल यादव, महाराज सिंह, एडवोकेट सूबे सिंह यादव, सूबे सिंह पटौदी, रणबीर कटारिया, सुनील प्रकाश, राजेश कटारिया, कुलबीर कटारिया, मुकेश सिंगला, युवा नेता दुष्यंत यादव, राजीव यादव, मनोज आहूजा, कृष्ण बालमीकी, रवीन्द्र गुर्जर समेत अन्य नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर सभी ने जमकर भाजपा के विरोध में नारेबाजी भी की।

इस दौरान कांग्रेस के सह जिला प्रभारी राजा राम ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव जीतने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही है और सरकारी एजेंसियों का दुरुप्रयोग कर रही है। भाजपा के ही आला कमान के इशारे पर आयकर विभाग की ओर से कांग्रेस पार्टी का अकाउंट फ्रीज करने की कार्रवाई की गई, जो हमे बिल्कुल भी नागवार गुजर रही है। अगर जल्द से जल्द आयकर विभाग की ओर से कांग्रेस पार्टी का अकाउंट चालू नहीं किया गया तो इसके विरोध में पूरे देश में कांग्रेस की ओर से जबरदस्त प्रदर्शन किया जाएगा।

वहीं इस मौके पर मौजूद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने कहा कि आज भाजपा के आला नेताओं पर सत्ता के घमंड सर चढ़कर बोल रहा है। देश के प्रधानमंत्री एक तरफ तो कहते हैं कि ना खाउंगा ना खाने दूंगा, दूसरी तरफ भाजपा खाऊंगा भी और किसी को जीने भी नहीं दूंगा की नीतियों पर चल रही है। आज देश में महगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी से जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। भाजपा देश की जनता के गुस्से को भांप रही है, इसी लिए भाजपा अपने सभी कार्यक्रम में सिर्फ कांग्रेस और कांग्रेसी नेताओं को दोषी ठहराती है। डावर ने कहा कि आम जनता के साथ जो अन्याय हो रहा है इसका जवाब देश की जनता इस लोकसभा चुनाव में जरुर देगी।

# गहनता से की जा रही है जांच मुख्यमंत्री शहरी निकाय स्वामित्व योजना के तहत लगे आरोपों की

**नगर निगम गुरूग्राम की विजिलैंस विंग की जांच के आधार पर एक अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय को भेजा गया मामला**

**अन्य मामलों में भी की जा रही है गहनता से जांच, जांच के आधार पर दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ की जाएगी नियमानुसार कार्रवाई**



**सिटी 24 न्यूज**

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री शहरी निकाय स्वामित्व योजना के तहत नगर निगम गुरूग्राम के अधिकारियों कर्मचारियों पर मामले में अनियमितता बरतने के आरोपों की गहनता से जांच की जा रही है। नगर निगम गुरूग्राम की विजिलैंस विंग द्वारा पूर्व में की गई जांच के आधार पर एक अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय को रिपोर्ट भेजी गई है। इस बारे में जानकारी देते हुए नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त डा. नरहरि ङ्क्षसह बांगड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी निकाय स्वामित्व योजना हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की फ्लैगशिप योजना है। इस योजना के तहत शहरी निकायों की तहबाजारी पर भूमि, किराए पर दुकान या मकान, लीज, लाइसैंस फीस पर 20 वर्ष या इससे अधिक अवधि के काबिज व्यक्तियों को स्वामित्व का अधिकार दिया गया है। नगर निगम गुरूग्राम क्षेत्र में योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को स्वामित्व का अधिकार दिया गया है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत तत्कालीन जोनल टैक्सेशन अधिकारी दिनेश कुमार पर अनियमितता बरतने के आरोप लगे थे। नगर निगम गुरूग्राम की विजिलैंस विंग द्वारा उन सभी आरोपों की गहनता से जांच की गई है तथा संबंधित अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय को रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। निगमायुक्त ने बताया कि इस योजना के तहत आरोपों में अन्य कर्मचारियों की संलिप्तता की भी गहनता से जांच विजिलैंस विंग द्वारा की जा रही है। जांच के दौरान दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# आउटरीच कार्यक्रम के विशेष अधिकारी पंकज नैन ने गुरूग्राम मैराथन की तैयारियों की गुरूग्राम में की समीक्षा

**जिला प्रशासन की तैयारियों से संतुष्ट पंकज नैन ने कहा, गुरूग्राम को एक नई पहचान देगा यह मेगा इवेंट**

**डीसी निशांत कुमार यादव ने तैयारियों की दी विस्तृत जानकारी, 25 हजार से अधिक लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन**

**सिटी 24 न्यूज**

**गुरूग्राम।** गुरूग्राम में 25 फरवरी को होने जा रही गुरूग्राम मैराथन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों की सामुदायिक पुलिसिंग और आउटरीच कार्यक्रम के विशेष अधिकारी पंकज नैन ने सोमवार को समीक्षा बैठक की। लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस बैठक में डीसी निशांत कुमार यादव, एडीसी हितेश कुमार मीणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

समीक्षा बैठक में पंकज नैन ने जिला प्रशासन की तैयारियों से संतुष्टि जाहिर करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान रखने वाले गुरूग्राम शहर का यह मेगा इवेंट स्पोर्ट्स के क्षेत्र में गुरूग्राम की नई ब्रांड इमेज बनाने जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुरूग्राम से संबंध रखने वाले वे लोग जो ऐसे बड़े आयोजनों में शामिल होने के लिए अन्य शहरों का रुख करते थे। भविष्य में उन्हें अब अपने ही शहर में यह आयोजन देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का प्रयास रहेगा कि आने वाले समय मे यह गुरूग्राम का वार्षिक इवेंट बने। इसके लिए इस आयोजन के उपरांत व अगले साल के आयोजन से पूर्व हर महीने छोटे छोटे प्रमोशनल इवेंट करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की सोच है कि इस प्रकार के आयोजन से लोग दिल से जुड़कर सामाजिक जुड़ाव के प्रयासों में अपना योगदान दें। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला में पहली बार इस प्रकार का बड़ा आयोजन हो रहा है। ऐसे में जिला प्रशासन का प्रयास रहे कि इसमें ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की भी पूर्ण भागीदारी रहे।

बैठक में डीसी निशांत कुमार यादव ने मैराथन से जुड़ी तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि मैराथन को लेकर सभी तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं। आयोजन में लोगों की ज्यादा से ज्यादा सहभागिता हो इसके लिए जिला में स्थित सभी यूनिवर्सिटी, स्कूल एसोसिएशन, रनर्स कम्युनिटी सहित प्रमुख आरडब्ल्यूए के साथ बैठकों का दौर जारी है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के सफल प्रयासों के तहत अभी 25 हजार से अधिक लोगों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। उन्होंने बताया कि मैराथन के लिए जो रूट निर्धारित किया गया है। उस रूट पर रनर्स को प्रोत्साहित करने के लिए सभी संबंधित आरडब्ल्यूए से संपर्क किया जा रहा है। जिसमें प्ले कार्ड्स व अन्य कार्यक्रमों से रनर्स का उत्साहवर्धन करने वाले प्रमुख पांच आरडब्ल्यूए को मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित किया जाएगा। डीसी ने बताया कि आयोजन के प्रचार प्रसार के लिए सभी उचित माध्यमों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयोजन में समाज का कोई भी वर्ग अछूता ना रहे इसके लिए जिला में स्थित सभी प्रमुख कॉरपोरेट्स के साथ भी बैठक की जा रही है।

बैठक में नगर निगम गुरूग्राम से संयुक्त आयुक्त विजय यादव, मानेसर के एसडीएम दर्शन यादव, ओएसडी टू डीसी प्रीति रावत, सीएमओ डॉ वीरेंद्र यादव, डीआईओ विभु कपूर सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।